E PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 | अंक: 35 | पृष्ठ: 8 | अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | जयपुर, मंगलवार 18 अगस्त, 2026 | मूल्य: ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

## परीक्षा रद्द होने पर छात्रों ने बयां किया दर्द, कहा- CBI जांच कराइए, दोषियों को पकड़िए, मगर हमें बेरोजगार मत कीजिए



रॉची। झारखंड सरकार भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी के खिलाफ चल रहे छात्र आंदोलन के आगे झुक गई। सीएम हेमंत सोरेन ने छात्रों की प्रमुख मांगें मान ली हैं। सोमवार (17 अगस्त) को कैबिनेट बैठक हुई जिसमें JSSC-CGL परीक्षा को भी रद्द करने का निर्णय लिया गया है। आंदोलन कर रहे छात्र परीक्षा रद्द होने पर खुशी मनाया रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ पास हुए छात्रों का भविष्य दांव पर लग चुका है। वे सड़क पर उतर आए हैं।JSSC CGL परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवार, परीक्षा रद्द होने पर झारखंड सरकार के फैसले के खिलाफ प्रोजेक्ट भवन में विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हम लोग हर तरह के जांच के लिए तैयार हैं। आप जांच कीजिए, जो गलत है, उस पर कार्रवाई कीजिए लेकिन कुछ लोगों के लिए हमारे साथ ऐसा अन्याय मत कीजिए। मैं जांच करवाने के लिए तैयार हूं। आप जो बोलिएगा मैं अपने सारे दस्तावेज लेकर आया हूं। आप CBI जांच कीजिए। आपको जो करना है, वो कीजिए मगर हमारे साथ ऐसा अन्याय मत कीजिए। हम लोग मर जाएंगे।JSSC-CGL परीक्षा और TDPL की तरफ से आयोजित सभी परीक्षाओं को रद्द करने के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऐलान पर छात्र नेता पीयूष कुमार ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, ये पहला कदम है। अभी हमारी लड़ाई अधूरी है और जब तक हमारी सारी मांगें नहीं मानी जाती है, हम लोग कहीं जाने वाले नहीं हैं। ये लड़ाई जारी रहेगी। हमारी आधी मांगें पूरी हुई हैं। अभी CBI जांच बाकी है। अभी 11 से 13 वाले फैसले का पलटा जाना बाकी है। अभी हम लोग बैठकर गहन अध्ययन करेंगे और फिर बताएंगे कि हमारी कौन-कौन सी मांगें बाकी हैं। अभी हम कहीं भी जाने वाले नहीं हैं। झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों को लेकर लंबे समय से चल रहा छात्र आंदोलन सोमवार को बड़े फैसले के बाद भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में JSSC-CGL परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया गया। सरकार के इस फैसले से आंदोलन कर रहे छात्रों में खुशी का माहौल है, लेकिन परीक्षा पास कर चुके अभ्यर्थियों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। परीक्षा रद्द होने के फैसले के बाद JSSC-CGL में सफल उम्मीदवार प्रोजेक्ट भवन पहुंचकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अगर परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए, लेकिन पूरी परीक्षा रद्द कर सभी सफल अभ्यर्थियों को एक साथ सजा देना उचित नहीं है। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि वे किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे तो सीबीआई से जांच करा सकती है और वे अपने सभी दस्तावेज जांच के लिए उपलब्ध कराने को तैयार हैं। अभ्यर्थी ने कहा कि गलत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन जिन छात्रों ने मेहनत से परीक्षा पास की है, उनके साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। वहीं, दूसरी ओर आंदोलन कर रहे छात्रों ने सरकार के फैसले को अपनी मांगों की दिशा में पहला कदम बताया है। छात्र नेता पीयूष कुमार ने कहा कि परीक्षा रद्द होने के बावजूद उनकी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है।

## जेएसएससी-सीजीएल रद्द, 2000 से ज्यादा लोगों की नौकरी जाएगी

रांची। झारखंड सरकार द्वारा जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द किए जाने के फैसले के बाद इस परीक्षा के जरिए चयनित होकर विभिन्न पदों पर कार्यरत अभ्यर्थियों में नाराजगी फैल गई। फैसले की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में चयनित अभ्यर्थी सोमवार को झारखंड मंत्रालय स्थित प्रोजेक्ट भवन के बाहर जुट गए और सरकार के निर्णय के खिलाफ हंगामा किया। जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के जरिए दो हजार से अधिक अभ्यर्थियों का विभिन्न सरकारी पदों पर चयन हुआ है। नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित अभ्यर्थी करीब एक साल से अलग-अलग विभागों में काम कर रहे हैं। परीक्षा रद्द किए जाने की घोषणा के बाद अब इन नियुक्तियों के भविष्य पर सवाल खड़ा हो गया है। प्रोजेक्ट भवन के बाहर जुटे अभ्यर्थियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपने भविष्य को लेकर चिंता जताई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के तहत परीक्षा दी थी। परिणाम घोषित होने के बाद उन्हें नियुक्ति पत्र मिला और वे अपने-अपने पदों पर योगदान दे चुके हैं। ऐसे में पूरी परीक्षा को रद्द किए जाने से उनका रोजगार और भविष्य प्रभावित होगा।

## झारखंड में प्रदर्शनकारी छात्रों के सामने झुकी सरकार, TDPL की सभी परीक्षाएं रद्द



रांची। झारखंड में JPSC-JSSC परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और गड़बड़ियों को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों के दबाव के बीच हेमंत सोरेन सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने TDPL की ओर से आयोजित कराई गई सभी परीक्षाओं को रद्द करने का निर्णय लिया है। इनमें JSSC-CGL परीक्षा*भी शामिल है। रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में पिछले 24 दिनों से प्रदर्शन कर रहे छात्र लगातार परीक्षा में कथित गड़बड़ियों की जांच की मांग कर रहे थे। छात्रों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में मंत्रिमंडल के साथ आपात बैठक की। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने JSSC-CGL परीक्षा रद्द करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार छात्र हितों को लेकर कड़ा कानून बनाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। सरकार ने रिफॉर्म कमेटी गठित करने का भी निर्णय लिया है, जिसकी अध्यक्षता IAS अधिकारी अमिताभ कौशल करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा आयोजित कराने के लिए पहले से SOP निर्धारित है। यदि SOP का पूरी तरह पालन किया जाता तो इस तरह की गड़बड़ियां सामने नहीं आतीं। अब परीक्षा व्यवस्था में आवश्यक सुधारों को शामिल किया जाएगा और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। सरकार की ओर से परीक्षा रद्द करने के फैसले के बावजूद प्रदर्शनकारी छात्रों की मांग पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।

## कीर्ति आजाद लाइसेंसी पिस्तौल के लिए करेंगे आवेदन, टीएमसी नेताओं पर अंडे से हो रहे हमलों को बताया कारण



कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कीर्ति आजाद ने सोमवार को कहा कि उन्होंने आत्मरक्षा के लिए लाइसेंसी पिस्तौल के लिए आवेदन करने का फैसला किया है। यह फैसला पार्टी नेताओं पर कथित तौर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बार-बार अंडे फेंककर किए जा रहे हमलों को देखते हुए लिया गया है। मीडिया से बात करते हुए, बर्धमान-दुर्गापुर निर्वाचन क्षेत्र से तृणमूल सांसद ने कहा, 'हर किसी को आत्मरक्षा का अधिकार है। इन हालात को देखते हुए, मैं अब सुरक्षा के लिए कानूनी हथियार हासिल करने के वास्ते हथियार लाइसेंस के लिए आवेदन करने को मजबूर हूं। मैंने सुरक्षा के लिए पिस्तौल चुनी है। हमें भी अपनी रक्षा करने का अधिकार है।' सोमवार को कीर्ति आजाद अपने संसदीय क्षेत्र गए। अपने संसदीय क्षेत्र के लिए विभिन्न योजनाओं के बारे में बात करते हुए, 1983 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'उन्होंने स्कूलों में अंडे देना बंद कर दिया। अब लोगों को अंडों से मारा जा रहा है। हम भी अपनी सुरक्षा के लिए पिस्तौल का लाइसेंस ले रहे हैं। हम डरने वाले लोग नहीं हैं। हमने भारत के लिए क्रिकेट खेला। हमने भारत माता के सम्मान के लिए क्रिकेट खेला।' उन्होंने विधानसभा में विपक्ष के नेता ऋतब्रत बनर्जी पर भी निशाना साधा, जो तृणमूल विधायकों के बागी गुट का नेतृत्व करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि ऋतब्रत ने क्या किया, उन्होंने फोन पर क्या कहा, उन्होंने किसके दबाव में क्या किया।' सोमवार को सांसद ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में कई जगहों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि शाम को वे पार्टी सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। मंगलवार को भी उनका एक कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के बाद उनकी पार्टी एक अभियान के साथ फिर से सड़कों पर उतरेगी।

## PM मोदी के 'नक्सलवाद' वाले बयान से पनपी दिमागी नक्सल पार्टी, सोशल मीडिया पर कुछ ही समय में बटोरे लाखों फॉलोअर्स

नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का एक हिस्सा सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। प्रधानमंत्री ने जंगलों में हथियार उठाकर हिंसा करने वाले नक्सलियों के खिलाफ देश की कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि अब भी कुछ ऐसे लोग मौजूद हैं, जो विचारों के जरिए देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने ऐसे लोगों को पहचानने और उनसे सावधान रहने की बात कही।प्रधानमंत्री के भाषण के बाद 'दिमागी नक्सल' शब्द को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आने लगीं। किसी ने इस शब्द के मायने पर सवाल उठाए तो किसी ने इसे लेकर राजनीतिक तंज और मजाक शुरू कर दिया। इसी बीच इंस्टाग्राम पर 'दिमागी नक्सल जनता पार्टी' नाम से एक नया पेज सामने आया। खबर लिखे जाने तक इस पेज से करीब एक लाख पचासी हजार लोग जुड़ चुके थे। खास बात यह है कि यह कोई आधिकारिक या पंजीकृत राजनीतिक दल नहीं है। यह सिर्फ सोशल मीडिया पर बनाया गया एक पेज है, जिसने प्रधानमंत्री के भाषण में चर्चा में आए शब्द को ही अपनी पहचान बना लिया है।सोशल मीडिया पर किसी चर्चित बयान के बाद उसी नाम या शब्द से पेज बनाने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले 'कॉकरोच जनता पार्टी' नाम का पेज भी एक विवादित टिप्पणी के बाद चर्चा में आया था। उस पेज ने बहुत कम समय में बड़ी संख्या में लोगों का ध्यान खींचा था। अब इसी तरह 'दिमागी नक्सल जनता पार्टी' नाम से इंस्टाग्राम के अलावा अन्य सोशल मीडिया मंचों पर भी कई पेज दिखाई दे रहे हैं। हालांकि इन पेजों को किसने बनाया है, इसकी स्पष्ट जानकारी अभी सामने नहीं आई है।रेडिट पर हुई चर्चाओं में कुछ लोगों ने इसे राजनीतिक व्यंग्य और विरोध दर्ज कराने का तरीका बताया है। पेज से जुड़े संदेश में सोचने, जानकारी जुटाने




और विरोध करने जैसी बातों पर जोर दिया गया है। हालांकि पेज के पीछे कौन लोग हैं और उनका वास्तविक उद्देश्य क्या है, यह फिलहाल साफ नहीं है। एक बयान से शुरू हुई चर्चा अब सोशल मीडिया की अपनी अलग कहानी बन गई है। 'दिमागी नक्सल' शब्द को लेकर राजनीतिक बहस के साथ-साथ इंटरनेट पर व्यंग्य और नए तरह के डिजिटल पेज बनाने का सिलसिला भी देखने को मिल रहा है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन में 'दिमागी नक्सल' शब्द के इस्तेमाल के बाद सोशल मीडिया पर राजनीतिक बहस तेज हो गई। प्रधानमंत्री ने हथियारबंद नक्सलवाद के खिलाफ देश की कार्रवाई का जिक्र करते हुए उन विचारधाराओं से भी सावधान रहने की बात कही, जिन्हें उन्होंने देश में अस्थिरता पैदा करने वाली सोच के रूप में बताया। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद 'दिमागी नक्सल' शब्द सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा में आ गया।

## राजस्थान ने पंचायती राज आरक्षण लॉटरी के लिए नई तारीखें तय कीं

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राजस्थान सरकार ने जिला परिषद सदस्यों, प्रधानों, पंचायत समिति सदस्यों, सरपंचों और वार्ड पंचों के लिए आरक्षण लॉटरी की नई तारीखों की घोषणा की है। जिला स्तर पर, जिला परिषद सदस्यों, प्रधानों और पंचायत समिति सदस्यों के लिए आरक्षण लॉटरी अब 17 सितंबर को होगी। सब-डिविजन लेवल पर सरपंचों और वार्ड पंचों के आरक्षण के लिए लॉटरी 18 सितंबर को निकाली जाएगी। वहीं, राज्य के 309 शहरी स्थानीय निकायों के 10,245 वार्डों के लिए आरक्षण लॉटरी आज होगी। पंचायती राज आरक्षण लॉटरी पहले 17 और 18 अगस्त को होनी थी। इसे लगभग एक महीने के लिए टाल दिए जाने से चुनावों के समय और ग्रामीण इलाकों में आदर्श आचार संहिता लागू होने की संभावना को लेकर नई अटकलें शुरू हो गई हैं। उम्मीद है कि शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव पहले चरण में होंगे।

## अहमदाबाद रियल एस्टेट धोखाधड़ी मामले में ईडी ने 129 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क कीं

अहमदाबाद। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अहमदाबाद के एक रियल एस्टेट धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 129.80 करोड़ रुपए मूल्य की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क (अटैच) कर ली हैं। यह संपत्तियां रोनक रवजीभाई सोनानी, विपुलभाई गोरधनभाई गंगानी, केशव नारायण ग्रुप और अन्य लोगों से जुड़ी बताई गई हैं। ईडी के अहमदाबाद जोनल कार्यालय ने 14 अगस्त को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 5(1) के तहत अस्थायी कुर्की आदेश जारी किया। एजेंसी ने सोमवार को जारी बयान में इसकी जानकारी दी। ईडी के मुताबिक, यह मामला अहमदाबाद में घर खरीदने वालों और निवेशकों के साथ कथित रियल एस्टेट धोखाधड़ी से जुड़ा है। आरोपियों ने फ्लैट और दुकानों को आकर्षक प्री-लॉन्च कीमतों पर बेचने का प्रस्ताव दिया।

## नई जिम्मेदारी मिली, पूरी मेहनत के साथ काम करेंगे, नितिन नवीन की टीम में जगह मिलने पर बोले भाजपा नेता



नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की नई राष्ट्रीय टीम में जगह मिलने के बाद पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। नेताओं ने कहा कि उन्हें सौंपी गई नई जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा, समर्पण और मेहनत के साथ निभाते हुए संगठन को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे। भाजपा नेता भोला सिंह ने पार्टी का राष्ट्रीय मंत्री बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी नई जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। भोला सिंह ने कहा कि भाजपा का राष्ट्रीय मंत्री बनाए जाने पर मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार और धन्यवाद व्यक्त करता हूं। मैं पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ इस दायित्व का निर्वहन करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा राष्ट्रसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करता रहूंगा।

राष्ट्रीय टीम में अहम जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने मुझ पर भरोसा जताते हुए मुझे राष्ट्रीय टीम में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मैं राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं और उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि मुझ पर जताए गए भरोसे पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं भी दीं।

भोला सिंह ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि टीम के सभी सदस्य कार्यकर्ता संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे तथा 'विकसित भारत' के संकल्प और राष्ट्रसेवा के ध्येय को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। वहीं, भोपाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नई राष्ट्रीय टीम में मध्य प्रदेश को उचित प्रतिनिधित्व दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश को पूरा प्रतिनिधित्व दिया है। मैं राष्ट्रीय कार्यसमिति में शामिल किए गए अपने सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को दिल से बधाई देता हूं और राष्ट्रीय अध्यक्ष का धन्यवाद करता हूं।

उन्होंने मध्य प्रदेश के सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों का ध्यान रखा है और मध्य प्रदेश को वह उचित स्थान दिया है, जिसका वह हकदार था। उन्होंने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रीय पार्टी और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है।

## बारिश में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे को लेकर जनता दर्शन पहुंची महिला



लखनऊ। मां अपनी बच्चे की खुशियों के लिए हर बाधा को पीछे छोड़ देती है। यह सोमवार को भी चरितार्थ हुआ, जब मूसलाधार बारिश में अपने बच्चे को लेकर सीतापुर की रोली 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपनी पीड़ा बताई। उन्होंने बताया कि उनका बच्चा थैलेसीमिया से पीड़ित है। उसके इलाज के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। यह सुन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चे के सिर पर हाथ फेरा और उसे शीघ्र स्वस्थ होने का आशीर्वाद दिया। फिर इलाज के लिए तत्काल एस्टिमेट मंगवाकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सीएम से यह आश्वासन पाकर रोली की आंखों में चमक आ गई। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया। 'जनता दर्शन' में बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता का अनुरोध लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा देते हुए कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं बनेगी। सरकार निरंतर आर्थिक सहायता दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल के एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए धनराशि दी जाएगी।

## संपादकीय

## जोधपुर से अब सीधे कटरा तक चलेगी ट्रेन




**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। वैष्णोदेवी जाने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। अब जोधपुर से श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा तक ट्रेन से सीधे पहुंचा जा सकेगा। रेलवे द्वारा साबरमती बीजी-जम्मूतवी-साबरमती बीजी एक्सप्रेस का श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा तक विस्तार किया गया है। ऐसे में जोधपुर से इस ट्रेन में सवार होने वाले यात्रियों को जम्मूतवी में उतरकर आगे की यात्रा करने की जरूरत नहीं होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के अनुसार, ट्रेन संख्या 19223 साबरमती बीजी-श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा एक्सप्रेस 18 अक्टूबर से साबरमती बीजी से रवाना होकर जम्मूतवी के बजाय कटरा तक जाएगी। वापसी में ट्रेन संख्या 19224 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा-साबरमती बीजी एक्सप्रेस 20 अक्टूबर से कटरा से ही रवाना होगी। वैष्णोदेवी जाने वाले यात्रियों के लिए रेलवे ने बड़ी सुविधा दी है। अब जोधपुर से श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा तक सीधे ट्रेन से यात्रा की जा सकेगी। रेलवे ने साबरमती बीजी-जम्मूतवी-साबरमती बीजी एक्सप्रेस का विस्तार श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा तक कर दिया है। वहीं वापसी में ट्रेन संख्या 19224 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा-साबरमती बीजी एक्सप्रेस 20 अक्टूबर से कटरा से ही रवाना होगी। अब एक ही ट्रेन से यात्रा पूरी होने से समय और कनेक्टिविटी दोनों के लिहाज से सुविधा बढ़ेगी।

## जयपुर एयरपोर्ट पर विमान से वाहन टकराया

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार को माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट (छोटे विमान) के साथ हादसा हो गया। विमान को रनवे पर ले जाते समय ग्राउंड हैंडलिंग वाहन ने टक्कर मार दी। इससे प्लेन क्षतिग्रस्त हो गया। राहत की बात यह रही कि विमान में सवार पायलट और ट्रेनी NCC कैडेट सुरक्षित हैं। घटना सुबह 9 बजे के आसपास की है। प्लेन को ट्रेनिंग फ्लाइट के लिए पार्किंग एरिया (हैंगर) से हवाई पट्टी ले जाया जा रहा था। इसमें विंग कमांडर पायलट और एक NCC कैडेट बैठे थे। इसी दौरान ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी इंडोथाई का वाहन भी एयरपोर्ट परिसर में मूव कर रहा था। हादसे के बाद एयरपोर्ट परिसर में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। हादसे के बाद विमान और वाहन को सुरक्षित किया गया। घटना की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी गई। अब तकनीकी जांच के बाद ही प्लेन दोबारा उड़ान के लिए तैयार होने की संभावना है।

# भाजपा ने राजस्थान में नगर निकाय चुनाव अभियान शुरू किया, शासन और विकास के रिकॉर्ड पर जोर दिया

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान में आगामी नगर निकाय चुनावों के लिए औपचारिक रूप से तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी नेतृत्व ने विकास, सुशासन और केंद्र एवं राज्य सरकारों की कल्याणकारी पहलों को प्रमुखता देते हुए निर्णायक जीत हासिल करने का इरादा जताया है। सोमवार को जयपुर स्थित भाजपा के राज्य कार्यालय में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नगर निकाय चुनावों में पार्टी की जीत के साथ राजस्थान 'ट्रिपल इंजन सरकार' की ओर अग्रसर होगा। इस बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौर, प्रदेश संगठन महासचिव अजय, नगर निगम चुनाव प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव हरीश द्विवेदी, राष्ट्रीय महासचिव और सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, राष्ट्रीय सचिव और सांसद संगीता यादव, राष्ट्रीय सचिव रोहन गुप्ता, महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले और दिल्ली के मंत्री रविंदर इंद्रराज सिंह के साथ-साथ मंडल टीमें, घोषणापत्र समितियां और मंडल प्रभारी भी उपस्थित थे। चर्चा बूथ स्तर की संगठनात्मक गतिविधियों, उम्मीदवारों के चयन, चुनाव रणनीति, स्थानीय मुद्दों और केंद्र एवं राजस्थान सरकारों की उपलब्धियों को मतदाताओं तक पहुंचाने पर केंद्रित रही। पार्टी नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि चुनाव प्रचार में विकास कार्यों, शासन सुधारों और कल्याणकारी योजनाओं के आधार पर वोट मांगे जाएंगे। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में राजस्थान को विकास के नए पथ पर अग्रसर किया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सरकार की उपलब्धियां केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर तेजी से कार्यान्वित की जा रही हैं। उन्होंने युवा रोजगार, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण, जल उपलब्धता, निवेश और अवसंरचना विकास के क्षेत्र में की गई पहलों का उल्लेख किया। शर्मा के अनुसार, राज्य सरकार ने 18 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। उन्होंने राजस्थान की जल आवश्यकताओं को पूरा करने वाली पहलों का उल्लेख करते हुए इन्हें दीर्घकालिक जल सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। शर्मा ने कहा कि



राजस्थान में निवेश का माहौल मजबूत हुआ है, लगभग 35 लाख करोड़ रुपए के प्रस्ताव आए हैं, जिनमें से लगभग 9 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं कार्यान्वयन की ओर बढ़ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों, युवाओं, महिलाओं और समाज के अन्य वर्गों के हितों को प्राथमिकता दे रही है। किसान सम्मान निधि योजना के तहत राजस्थान के किसानों को 9,000 रुपए दिए जा रहे हैं। राजस्थान में आगामी नगर निकाय चुनावों को लेकर भाजपा ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई अहम बैठक में पार्टी ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, उम्मीदवार चयन और चुनावी रणनीति को लेकर मंथन किया।

पार्टी नेतृत्व ने विकास, सुशासन और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को चुनाव प्रचार का प्रमुख आधार बनाने पर जोर दिया। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नगर निकाय चुनावों में भाजपा की जीत के बाद राजस्थान 'ट्रिपल इंजन सरकार' की दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से स्थानीय स्तर पर सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौर, प्रदेश संगठन महासचिव अजय, नगर निगम चुनाव प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव हरीश द्विवेदी सहित कई वरिष्ठ नेता और चुनाव से जुड़ी विभिन्न समितियों के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में बूथ स्तर की संगठनात्मक गतिविधियों, संभावित उम्मीदवारों के चयन, स्थानीय मुद्दों और चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

## ERCP प्रोजेक्ट निर्माण कार्य में लगे तीन मजदूर सीमेंट मिक्सर के नीचे दबे

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बूंदी। बूंदी जिले के लाखेरी क्षेत्र के गुहाटा में सोमवार दोपहर बाद महत्वाकांक्षी ईआरसीपी (ERCP) परियोजना के निर्माण कार्य के दौरान सीमेंट स्टोर सायलो सेल (मिक्सर सीमेंट गिट्टी) गिरने से बड़ा हादसा हो गया। मिक्सर के नीचे कई मजदूरों के दबने की सूचना मिलते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। वहीं, आसपास मौजूद मजदूर और लोग बचाव के लिए दौड़े। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद कोटा रेफर किया गया। हादसा उस समय हुआ जब गुहाटा क्षेत्र में चंबल नदी के किनारे ईआरसीपी परियोजना का निर्माण कार्य चल रहा था। अचानक भारी मिक्सर सीमेंट गिट्टी के गिरने से उसके आसपास काम कर रहे मजदूर उसकी चपेट में आ गए। देखते ही देखते मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मिक्सर के नीचे मजदूरों के दबे होने की सूचना के बाद अन्य श्रमिकों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। भारी मशीन के नीचे फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए लोगों ने पूरी ताकत लगा दी। बूंदी जिले के लाखेरी क्षेत्र के गुहाटा में सोमवार दोपहर बाद ईआरसीपी परियोजना के निर्माण कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया।



## यूजीसी रोलबैक के खिलाफ 23 अगस्त को महाआंदोलन

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। दिल्ली के जंतर-मंतर पर 23 अगस्त को होने वाले यूजीसी आरक्षण नीति के खिलाफ महाआंदोलन में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना भी शामिल होगी। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष उजागर सिंह डाबला ने कहा कि 23 अगस्त को देश के 22 राज्यों से समाज के लोग दिल्ली पहुंचेंगे। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की ओर से तैयार की गई '22 राज्यों की सेना' भी आंदोलन में शामिल होगी। सभी प्रदेश अध्यक्षों को अपनी ताकत के साथ दिल्ली पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। डाबला ने कहा- हमारी पहली मांग केंद्र सरकार से यूजीसी आरक्षण नीति को पूरी तरह रोलबैक करने की है। योग्यता आधारित आरक्षण से हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन आरक्षण का लाभ उन परिवारों को मिलना चाहिए जो वास्तव में आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्होंने राजस्थान सरकार से आगामी पंचायती राज चुनाव में ईडब्ल्यूएस वर्ग को आरक्षण देने की भी मांग की। डाबला ने कहा- अगर यह मांग पूरी नहीं हुई तो समाज आगामी चुनावों में वोट के जरिए अपना विरोध दर्ज कराएगा।

## स्कूलों में मीडिया एंट्री पर पाबंदी नहीं - शिक्षा मंत्री मदन दिलावर

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**



राजस्थान के सरकारी स्कूलों में मीडिया की एंट्री पर बैन लगाने के मामले में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सफाई दी है। उन्होंने कहा- स्कूलों में मीडिया के प्रवेश पर किसी तरह की पाबंदी नहीं लगाई गई है। इसे गलत तरीके से प्रचारित किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा- सरकार की प्राथमिकता स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा और उनकी निजता बनाए रखना है। नाबालिग स्टूडेंट्स की फोटो, वीडियो या बाइट लेने से पहले उनके अभिभावकों की अनुमति लेना जरूरी होगा। अगर अभिभावक मौके पर नहीं हैं तो स्कूल के टीचर से अनुमति ली जा सकती है, क्योंकि स्कूल में टीचर ही बच्चों के अभिभावक की भूमिका में होते हैं। वहीं मामले में CJP के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा- सरकार पहले राजस्थान के सभी जर्जर स्कूलों को ठीक करे या फिर मेरे खिलाफ एडवांस में FIR दर्ज करवा दे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा-भाजपा सरकार तुरंत यह आदेश वापस ले और पारदर्शिता से भागना बंद करे। राजस्थान के सरकारी स्कूलों में मीडिया के प्रवेश पर कथित रोक को लेकर चल रहे विवाद के बीच शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में मीडिया की एंट्री पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है और इस संबंध में गलत प्रचार किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा और निजता सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नाबालिग विद्यार्थियों की फोटो, वीडियो या बाइट लेने से पहले उनके अभिभावकों की अनुमति लेना जरूरी होगा। दिलावर के मुताबिक, यदि किसी विद्यार्थी के अभिभावक मौके पर मौजूद नहीं हैं तो स्कूल के शिक्षक से अनुमति ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षक बच्चों के अभिभावक की भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनकी अनुमति के बाद मीडिया बच्चों से संबंधित सामग्री ले सकता है। मामले को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। CJP के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले राजस्थान के सभी जर्जर स्कूलों को ठीक किया जाए।

## राजेंद्र राठौड़ के आवास पर राजपूत समाज का धरना, राजेंद्र गुढ़ा भी पहुंचे

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। बद्री सिंह राजावत के मामले में न्याय की मांग को लेकर सोमवार को राजपूत समाज के 150 से अधिक गणमान्य लोग पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा, भूपेंद्र सिंह मूंडड़ा सहित समाज के प्रमुख लोगों के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ के आवास पर पहुंचे। समाज के प्रतिनिधियों ने धरना देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। समाज के प्रतिनिधियों ने राजेंद्र राठौड़ से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी। प्रतिनिधियों का कहना था कि यदि किसी व्यक्ति के साथ अन्याय हुआ है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। ऐसे में समाज से जुड़े किसी व्यक्ति के साथ कथित अन्याय होने पर समाज अपने राजनीतिक नेतृत्व से न्याय की लड़ाई में साथ खड़े होने की अपेक्षा करता है।

## श्री गंगानगर के किन्नू को मिलेगी नयी पहचान, बनेगा देश का पहला 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस'

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**



श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर के किन्नू को अब देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी नई पहचान दिलाने की तैयारी है। राजस्थान सरकार ने इसके लिए 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित करने का फैसला लिया है। नए सेंटर के जरिए वैज्ञानिकों के साथ मिलकर किन्नू की बागवानी को आगे बढ़ाने, नई वैरायटी तैयार करने और एक्सपोर्ट की संभावनाओं पर काम किया जाएगा। ऐसे पौधे तैयार करने की कोशिश होगी, जिन्हें किसानों को उपलब्ध कराया जा सके और फल प्राप्त करने के लिए चार साल तक इंतजार न करना पड़े। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में किन्नू की क्वालिटी और क्वांटिटी बढ़ाने के लिए रिसर्च के साथ किसानों को आधुनिक तकनीक की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। डॉ. एमएम सक्सेना ने बताया कि किन्नू देश में अपनी पहचान रखता है। ऐसे में किसानों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार का रास्ता भी खुलने की संभावना है। वहीं, वैज्ञानिक रिसर्च के जरिए उत्पादन बढ़ाने के साथ कृषि विद्यार्थियों के लिए भी यह सेंटर अहम रहेगा। इस सेंटर का जिम्मा टांटिया ग्रुप को सौंपा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल तौर पर शिलान्यास किया। केंद्र सरकार की राष्ट्रीय कृषि योजना के तहत यह सेंटर अनुदानित होगा। टांटिया ग्रुप के वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोहित टांटिया के मुताबिक, श्रीगंगानगर के किन्नू की मिठास और गुणवत्ता इसे दूसरे फलों से अलग बनाती है, लेकिन किसानों को अब तक इसका अपेक्षित बाजार और कीमत नहीं मिल पाई है। नई वैरायटी, बेहतर पौधे, वैज्ञानिक रिसर्च, आधुनिक तकनीक और एक्सपोर्ट पर फोकस के साथ यह सेंटर किन्नू की खेती के लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है। हॉर्टिकल्चर विभाग की उपनिदेशक प्रीती गर्ग के मुताबिक, सेंटर को सरकारी अनुदान से विकसित किया जाएगा। रिसर्च और किसानों के लिए प्रस्तावित प्रशिक्षण निश्चित रूप से क्षेत्र के बागवानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। उत्पादन से लेकर गुणवत्ता और आधुनिक तकनीक तक, किन्नू की खेती को वैज्ञानिक आधार देने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## आरक्षण लॉटरी से खत्म हुआ इंतजार, साफ हुई जयपुर के वार्डों की चुनावी तस्वीर

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 को लेकर जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों के आरक्षण की तस्वीर अब पूरी तरह साफ हो गई है। सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में लॉटरी के माध्यम से वार्डों का आरक्षण निर्धारित किया गया। जिला कलेक्टर संदेश कुमार नायक की मौजूदगी में स्कूली छात्राओं से लॉटरी निकलवाई गई। इस दौरान विधायक कालीचरण सराफ, स्थानीय जनप्रतिनिधि और नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। लॉटरी प्रक्रिया के साथ ही लंबे समय से आरक्षण को लेकर चल रहा असमंजस भी खत्म हो गया। जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों की लॉटरी में 20 वार्ड अनुसूचित जाति (एससी), 6 वार्ड अनुसूचित जनजाति (एसटी) और 30 वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षित किए गए हैं। बाकी 94 वार्ड अनारक्षित रहे। हालांकि इनमें महिलाओं के भी वार्ड आरक्षित किए गए हैं। इनमें अनुसूचित जाति (एससी महिला) के 7 वार्ड, अनुसूचित जनजाति (एसटी महिला) के 2 वार्ड और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी महिला) के लिए 10 वार्ड आरक्षित किए गए हैं। बाकी अनारक्षित रहे वार्डों में 31 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। इस तरह कुल 150 वार्डों में से 50 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए कुल 6 वार्ड आरक्षित हुए हैं। इनमें वार्ड नंबर 68, 60, 150, 64, 131 और 61 शामिल हैं। इनमें से वार्ड 68 और 150 एसटी महिला के लिए आरक्षित किए गए हैं। इनमें वार्ड नंबर 10, 41, 42, 48, 51, 90, 94, 102, 143, 144, 33, 82, 83, 12, 26, 52, 147, 113, 122, 23, 75, 53, 38, 2, 39, 18, 146, 27, 80 और 91 शामिल हैं।



## जयपुर में कल 4 घंटे बिजली कटौती, जयपुर में मेंटेनेंस के कारण मंगलवार को 40 से ज्यादा इलाकों में बिजली बंद रहेगी

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

इसमें मुख्य रूप से जयपुर सिटी की कई कॉलोनियों समेत वैशाली नगर के भी कुछ इलाके प्रभावित होंगे। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पावर सप्लाई बाधित रहेगी।

माली मोहल्ला, खंडाका हाउस, बालानन्द जी का रास्ता, उनियारों का रास्ता, बगरू वालों का रास्ता, सनी प्लाजा, सरोज सिनेमा, बिसाऊ होटल, हाजी कॉलोनी, स्वामी बस्ती, सीकर हाउस, राममंदिर, नगर निगम ऑफिस, पुलिस चौकी, निर्माण मार्ग, खेतड़ी हाउस, निलगारों का मोहल्ला, मोहन नगर, फतेहराम का टीबा, सुलभ कॉम्प्लेक्स।

चांदपोल बाजार, नीदड राव जी का रास्ता, बाबा हरीशचन्द मार्ग, जनाना हॉस्पिटल, संसार चन्द रोड, शिव दास जी का रास्ता, बालानन्द की मोरी, तेजाजी की बगीची, जुगल जोड़ी, हरिजेठ का चौक, पुरानी बस्ती, हनुमान मंदिर, पशु चिकित्सालय और आस पास का प्रभावित क्षेत्र।

इसके अलावा वैशाली नगर ई ब्लाक, कुमावत कॉलोनी गली न. 1 से 10, अल्पना कॉलोनी, खातीपुरा पुलिया और आसपास का प्रभावित क्षेत्र।

जयपुर सिटी और वैशाली नगर के कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। निर्धारित विद्युत रखरखाव कार्य के चलते सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

इससे चांदपोल बाजार, सीकर हाउस, पुरानी बस्ती, संसार चंद रोड सहित कई प्रमुख इलाकों के साथ वैशाली नगर के कुछ क्षेत्र प्रभावित होंगे।

प्रभावित क्षेत्रः माली मोहल्ला, खंडाका हाउस, बालानंद जी का रास्ता, उनियारों का रास्ता, बगरू वालों का रास्ता, सनी प्लाजा, सरोज सिनेमा, बिसाऊ होटल, हाजी कॉलोनी, स्वामी बस्ती, सीकर हाउस, राम मंदिर, नगर निगम ऑफिस, पुलिस चौकी, निर्माण मार्ग, खेतड़ी हाउस, नीलगारों का मोहल्ला, मोहन नगर, फतेहराम का टीबा और सुलभ कॉम्प्लेक्स।

इसके अलावा चांदपोल बाजार, नींदड़ राव जी का रास्ता, बाबा हरिश्चंद मार्ग, जनाना हॉस्पिटल, संसार चंद रोड, शिवदास जी का रास्ता, बालानंद की मोरी, तेजाजी की बगीची, जुगल जोड़ी, हरिजेठ का चौक, पुरानी बस्ती, हनुमान मंदिर, पशु चिकित्सालय और आसपास के क्षेत्र भी प्रभावित रहेंगे।

वहीं, वैशाली नगर ई-ब्लॉक, कुमावत कॉलोनी की गली नंबर 1 से 10, अल्पना कॉलोनी, खातीपुरा पुलिया और आसपास के इलाकों में भी निर्धारित समय के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

# राजस्थान/ प्रादेशिक

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समीक्षा बैठक, सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। सोमवार को सचिवालय में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूली बच्चों को ले जाने वाली सभी बालवाहनियों की सघन एवं नियमित जांच सुनिश्चित की जाए तथा बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों में सुरक्षा मानकों का किसी भी स्तर पर उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। हेल्पलाइन व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं त्वरित रिस्पॉन्स के निर्देश मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी हेल्पलाइन पूरी तरह क्रियाशील रहें और दुर्घटना की सूचना मिलने पर रिस्पॉन्स टाइम न्यूनतम रखा जाए। उन्होंने स्टेट हेल्पलाइन 112 तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) की हेल्पलाइन 1033 के बीच प्रभावी समन्वय एवं उचित इंटीग्रेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित दैनिक इन्फोग्राफिक रिपोर्ट तैयार कर नियमित रूप से प्रेषित करने के दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि राजमार्गों पर दुर्घटना के बाद जनहानि को न्यूनतम करने के लिए वे-साइड क्षेत्रों में उचित फायर सेफ्टी व्यवस्था तथा ट्रॉमा सेंटर की सुविधाएं क्रियाशील रहनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजमार्गों पर आवश्यक सुविधाओं के विकास एवं संचालन की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा कोष का उपयोग निर्धारित उद्देश्यों के अनुरूप प्रभावी एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं दुर्घटना के बाद त्वरित सहायता व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त सड़कों की समयबद्ध मरम्मत सुनिश्चित की जाए तथा राजमार्गों पर किसी भी प्रकार के अनधिकृत कट ना हों। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सभी आवश्यक चेतावनी एवं साइनबोर्ड अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि राजमार्गों से अतिक्रमण हटाने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है और अब तक 4,248 अतिक्रमण हटाए जा चुके हैं।

## कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय राखी एवं हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी का शुभारम्भ




**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। कानोडिया पी.जी. महिला महाविद्यालय के सुकृति आर्ट एंड क्राफ्ट क्लब द्वारा दो दिवसीय राखी एवं हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी का शुभारम्भ 17 अगस्त को किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्राओं की रचनात्मकता, प्रतिभा एवं उद्यमिता की भावना को मंच प्रदान करना था। प्रदर्शनी में कुल 25 स्टॉल लगाए गए, जिनमें 50 उत्साही छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। छात्राओं द्वारा हाथ से बनी राखियां, क्रोशिया के फूल, लड्डू गोपाल की पोशाक, कपकेक, कुकीज़ तथा विभिन्न आकर्षक हस्तशिल्प वस्तुएं प्रदर्शित की गईं। इन उत्पादों में छात्राओं की कल्पनाशीलता, कलात्मक कौशल, मेहनत एवं नवाचार की स्पष्ट झलक दिखाई दी। प्रदर्शनी का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं एवं क्लब के सदस्यों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्राओं को अपनी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ व्यावहारिक एवं उद्यमिता संबंधी कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करती हैं।

## देश की बेटियां आज हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं : ओम बिरला

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

कोटा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि देश की बेटियां आज शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, सुरक्षा, खेल और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़कर नेतृत्व कर रही हैं। हमें ऐसा संस्कारित समाज बनाना है, जहां बेटियां सुरक्षित रहें, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और अपनी प्रतिभा के बल पर देश के विकास में योगदान दें। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में देश की बेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कोटा शहर पुलिस और ब्लू डॉट डॉयलॉग संस्था की ओर से आयोजित 'महिला सुरक्षा संकल्प अभियान' के तहत 'सुरक्षा संवाद 2.0' में महिलाओं और छात्राओं से संवाद करते हुए बिरला ने कहा कि महिला सुरक्षा केवल पुलिस या सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है।



## वसुंधरा और सतीश पूनिया को बीजेपी में बड़ी जिम्मेदारी

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नई टीम घोषित कर दी है। नई टीम में राजस्थान के दो वरिष्ठ नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिली हैं। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को पार्टी ने फिर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनिया को राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किया है। भाजपा ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर 13 नेताओं की नियुक्ति की है। बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर 8 नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। संगठन में भी महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। बीएल संतोष को राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बनाया गया है।



## राज्य कौशल एवं उद्यमिता समिति की पहली बैठक, युवाओं के कौशल विकास पर जोर

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में राज्य कौशल एवं उद्यमिता समिति की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में राज्य में युवाओं के कौशल विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा उनके प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में राज्य के 41 जिलों में किए गए मैनपावर मांग-आपूर्ति, स्किल सेट मैपिंग एवं स्वरोजगार के लिए सरकार से अपेक्षित सहायता सहित 'स्किल गैप असेसमेंट' अध्ययन की समीक्षा की गई। इस दौरान निर्देश दिए गए कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को जिलावार एवं क्षेत्रवार कौशल मांग के अनुरूप तैयार किया जाए तथा स्थानीय उद्योगों से सीधे जोड़कर युवाओं को उद्योग की वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाए।

## निकाय-पंचायत चुनाव के लिए कांग्रेस का महामंथन, दावेदारों के लिए ऑनलाइन पोर्टल और ऑफलाइन आवेदन जरूरी

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। प्रदेश में निकाय और पंचायत चुनाव की रणभेरी बजने से पहले कांग्रेस एक्टिव मोड में आ गई है। निकाय और पंचायत चुनाव में पार्टी को उम्मीद के मुताबिक सफलता मिल सके, इसके लिए अब लगातार मंथन बैठकों का दौर चल रहा है। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में दो दिवसीय महामंथन बैठकों का दौर शुरू हुआ। पहले दिन सोमवार को 23 जिलों के नेताओं की बैठक हुई, वहीं मंगलवार को 27 जिलों के नेताओं की बैठक होगी।

लंबे समय के बाद जयपुर आए प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अलग-अलग जिलों के नेताओं की बैठक लेकर चुनावी तैयारियां तेज करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, सह प्रभारी, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व प्रत्याशी और संगठन के नेताओं को बुलाया गया था।

इधर पंचायत और निकाय चुनाव में प्रत्याशी चयन के लिए कांग्रेस ने एक नया फॉर्मूला तैयार किया है।

इसके तहत निकाय और पंचायत चुनाव में उम्मीदवारी कर रहे दावेदारों को प्रदेश कांग्रेस की ओर से बनाए गए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

आवेदन में आवेदकों से राजनीति में सक्रिय रहने के बारे में जानकारी मांगी जाएगी कि वे कब से कब तक पार्टी में काम कर रहे हैं और किन-किन पदों पर रहे हैं। इसके अलावा पहले कभी निकाय और पंचायत चुनाव लड़ा है या नहीं, इसकी जानकारी भी देनी होगी।



## कृषि स्टैक को किसानों के लिए सरल, पारदर्शी और प्रभावी माध्यम बनाएं : वी. श्रीनिवास

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान में कृषि क्षेत्र को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक पारदर्शी, सुगम एवं लक्षित तरीके से उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। हाल ही में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में आयोजित कृषि स्टैक राज्य स्तरीय स्टीयरिंग समिति की बैठक में कृषि स्टैक की प्रगति, किसान रजिस्ट्री, डिजिटल क्रॉप सर्वे, उर्वरक वितरण व्यवस्था तथा किसान कल्याण योजनाओं के डिजिटलीकरण की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कृषि विभाग, राजस्व विभाग, बोर्ड ऑफ रेवेन्यू, सहकारिता, वित्त एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के मुख्य ज्ञान अधिकारी राजीव चावला भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख शासन सचिव, कृषि ने बताया कि राज्य में अब तक 87.44 लाख किसानों का किसान रजिस्ट्री में पंजीकरण पूरा हो चुका है, जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 96.95 प्रतिशत है।

इनमें 49.46 लाख पीएम-किसान लाभार्थी सफलतापूर्वक किसान रजिस्ट्री से जुड़ चुके हैं। ग्रामीण सेवा शिविरों, जन आधार के माध्यम से सत्यापन तथा कृषि पर्यवेक्षकों को डिजिटल प्रणाली से जोड़ने के प्रयासों से किसान रजिस्ट्री के कार्य में तेजी आई है।

कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने बताया कि कृषि विभाग की किसान-केंद्रित योजनाओं में किसान आईडी को प्राथमिक पहचानकर्ता के रूप में अपनाया जा चुका है। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि किसान हित से जुड़ी सभी योजनाओं में किसान आईडी के अनिवार्य उपयोग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कृषि स्टैक के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए कृषि विभाग के अधीन समर्पित कृषि स्टैक आयुक्तालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। कृषि आयुक्त को कृषि स्टैक आयुक्त का दायित्व सौंपा जाएगा। इससे कृषि स्टैक से जुड़े विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म, किसान रजिस्ट्री, डेटा एकीकरण एवं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन को एकीकृत दिशा मिलेगी।



## झोटवाड़ा वार्डों में एमएलए लैड से 6 करोड़ के विकास कार्यों की घोषणा

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों के लिए लगभग 6 करोड़ रुपये के एमएलए लैड फंड से विकास कार्यों की घोषणा की। इन कार्यों में कॉलोनी गेट, पार्क विकास, श्मशान विकास, विद्यालयों में आवश्यक कार्य, वाटर कूलर सहित स्थानीय स्तर पर आवश्यक बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि झोटवाड़ा विधानसभा के समग्र विकास के लिए क्षेत्र की प्रत्येक कॉलोनी और वार्ड की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि झोटवाड़ा क्षेत्र में पहले ही करीब 490 करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण के कार्य किए जा चुके हैं।

## बारां एवं झालावाड़ को 1,258 करोड़ के 98 विकास कार्यों की सौगात



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बारां। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हाड़ौती अंचल में राष्ट्रभक्ति की गौरव गाथा गूंजती है। वहीं, बारां की मिट्टी में लोक जीवन की सुगंध है और लोकगीतों में पीढ़ियों की स्मृतियां हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना का समझौता हुआ जिससे 4 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। इसी प्रकार, यमुना जल से जुड़ा महत्वपूर्ण समझौता भी हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश में निरंतर विकास की गंगा बहेगी। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री सोमवार को बारां की कृषि उपज मंडी में बारां-झालावाड़ के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे लिए जनता की सेवा ही सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली, गौरवशाली, समृद्ध और शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। उनकी पहल पर पहली बार लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र गीत वंदे मातरम् का गायन हुआ। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि बारां, झालावाड़, कोटा के कृषि क्षेत्र में विकास का रोडमैप बनाया जाएगा। इससे किसान नई फसलों की पैदावार कर सकेंगे और उनकी आमदनी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इन जिलों के लिए खेत से प्रोसेसिंग तक और प्रोसेसिंग से निर्यात तक नई वैल्यू चेन राज्य सरकार के सहयोग से बनाई जाएगी। जिससे कृषि उत्पादों का उत्पादन बढ़ सके और मार्केटिंग व एक्सपोर्ट के जरिए दुनिया के बाजारों तक इनकी पहुंच बने। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि गरीबों को उनका आशियाना उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजना चलाई जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में कई परिवर्तन किए गए हैं। जिसके तहत दोपहिया वाहन धारकों एवं 10 हजार रुपये से ज्यादा आमदनी वाली महिलाओं को भी अब आवास मिलेगा।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से देशभर में पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता बढ़ी : डॉ. सतीश पूनिया

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में जयपुर जिले की मुंडिया ग्राम पंचायत के दुर्गा का बास गांव में 'अटल स्मृति वन' का शुभारंभ किया गया, जो पूरे प्रदेश के एतिहासिक कार्यक्रमों में शामिल हुआ, जिसमें एक दिन में मातृशक्ति व युवाओं ने 11 हजार पौधे लगाये गये, जो आमजन ने बड़ी भागीदारी निभाकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा संदेश है। पौधारोपण के इस कार्यक्रम में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान से राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनियाँ, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह,जयपुर जिला प्रमुख रमा चौपड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अटल स्मृति वन के शुभारंभ अवसर पर जयपुर के दुर्गा का बास गांव में 11 हजार पौधों का रोपण किया गया। विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से इस अनूठी पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा भावी पीढ़ियों को प्रकृति संरक्षण के प्रति निरंतर जागरूक करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सतीश पूनियाँ ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन, संवेदनशीलता और पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रेरणास्रोत रहा है, वह एक युगपुरुष और विकासपुरुष थे। उनके नाम पर बनाया गया यह 'अटल स्मृति वन' आने वाली पीढ़ियों के लिए उनकी स्मृतियों और विचारों को जीवंत रखने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देगा, पौधारोपण अभियान को केंद्र की मोदी सरकार एक बड़े मिशन के रूप में राजस्थान से लेकर देशभर में प्रतिबद्धता से करने में जुटी है, जिसमें माता बहन, युवा बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, जो बड़ा सकारात्मक संदेश है। उन्होंने कहा कि 11 हजार पौधे लगाने का सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ, हरिभरी भूमि और हरा-भरा पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प है, जो हम सबके लिए अनुकरणीय है। अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों और उनके राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जनभागीदारी के माध्यम से आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। अटल स्मृति वन क्षेत्र में भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



## भरतपुर नगर निगम के 65 वार्डों की आरक्षण लॉटरी, बदले चुनावी समीकरण

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

भरतपुर। भरतपुर में आगामी नगरीय निकाय चुनावों को लेकर नगर निगम के 65 वार्डों की आरक्षण लॉटरी जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर कमर चौधरी के निर्देशन में निकाली गई। लॉटरी प्रक्रिया में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में संभावित प्रत्याशी मौजूद रहे। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई। स्कूली छात्राओं ने डिब्बों में रखी वार्डवार पर्चियां निकालकर आरक्षण की स्थिति स्पष्ट की। जैसे-जैसे वार्डों की लॉटरी निकलती गई, वैसे-वैसे कई संभावित प्रत्याशियों के चुनावी समीकरण बदलते नजर आए। आरक्षण अपने पक्ष में आने पर कुछ चेहरों पर खुशी दिखाई दी, तो कई संभावित प्रत्याशियों को निराशा हाथ लगी। लॉटरी प्रक्रिया में स्कूली छात्राओं के माध्यम से अलग-अलग श्रेणियों के डिब्बों से वार्डवार पर्चियां निकलवाई गईं। लॉटरी के नतीजे सामने आते ही संभावित प्रत्याशियों के चुनावी समीकरण भी बदलते दिखाई दिए। अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए वार्ड नंबर 9, 15, 28, 40 और 52 आरक्षित किए गए हैं।



## मनोरंजन समाचार

### बर्थडे स्पेशल : एयर होस्टेस से एक्टिंग का सफर, आज बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में शामिल



हिंदी और पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की प्रमुख अभिनेत्रियों में से एक सोनम बाजवा आज के समय में एक ऐसा नाम हैं, जो अपनी खूबसूरती के साथ-साथ बेहतरीन एक्टिंग और लाजवाब डांस मूव्स के जरिए लाखों फैंस के दिलों पर राज करती हैं। सोनम बाजवा एक प्रसिद्ध अभिनेत्री और मॉडल हैं, जो मुख्य रूप से पंजाबी और हिंदी फिल्मों में काम करती हैं। उनका पूरा नाम सोनम प्रीत कौर बाजवा है, जिनका जन्म 16 अगस्त 1989 को रुद्रपुर, उत्तराखंड में हुआ था। उन्होंने अपनी एक्टिंग करियर की शुरुआत वर्ष 2013 में पंजाबी फिल्म 'बेस्ट ऑफ लक' से की। सोनम ने अपनी शुरुआती पढ़ाई-लिखाई रुद्रपुर के जेसी पब्लिक स्कूल से पूरी की। इसके बाद वह दिल्ली आ गईं और दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। सोनम को शुरू से ही एक्टिंग में रुचि थी। इसलिए वह मुंबई चली गईं और वर्ष 2012 में उन्होंने फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में बतौर प्रतिभागी भाग लिया। सोनम ने अभिनय की दुनिया में कदम रखने से पहले कुछ समय के लिए एयर होस्टेस के रूप में भी काम किया, लेकिन उसे छोड़ उन्होंने पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने के बाद 'पंजाब 1984', 'सरदार जी 2', 'निक्का जैलदार', 'मंजे बिस्तरे', 'गुड्डियां पटोले' और 'कैरी ऑन जट्टा' जैसी कई सफल फिल्मों में काम किया। अभिनेत्री की हिंदी फिल्म इंडस्ट्री जर्नी की बात करें तो उन्होंने बॉलीवुड में कैमियो और कुछ खास प्रोजेक्ट्स के जरिए कदम रखा।

### शिल्पा शेट्टी का 'योग चैलेंज', फैंस को करके दिखाए लगातार कई मुश्किल योगासन



अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी अपनी फिटनेस और योग के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट और योग से जुड़े वीडियो शेयर करती रहती हैं और फैंस को भी फिट रहने के लिए प्रेरित करती हैं। अब शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर एक ऐसा वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह कई मुश्किल योगासनों को एक के बाद एक करती नजर आ रही हैं। वीडियो में उनकी बॉडी बैलेंस, फ्लेक्सिबिलिटी और कंट्रोल का शानदार तालमेल दिखाई दे रहा है। वीडियो के साथ उन्होंने इसके फायदे और जरूरी सावधानियों के बारे में भी विस्तार से बताया है। वीडियो में वह अलग-अलग योगासनों को तेजी से करती दिखाई दे रही हैं। इसमें नवासन, सर्वांगासन, बकासन और मलासन जैसे आसन शामिल हैं। वीडियो में एक आसन से दूसरे आसन में जाने के दौरान उनके शरीर का बैलेंस और कंट्रोल साफ नजर आता है। वीडियो के साथ शिल्पा ने फैंस को सीधे चैलेंज भी दिया। उन्होंने कैप्शन लिखा, ''योग चैलेंज के लिए तैयार हैं? इसे ट्राई करें।'' इसके साथ उन्होंने इस फ्लो को लेकर जरूरी जानकारी भी दी। शिल्पा ने कैप्शन में लिखा, ''यह डायनामिक योग फ्लो शरीर के कोर यानी पेट और उसके आसपास की मांसपेशियों पर काम करता है। इसके साथ ही यह बैलेंस, हिप मोबिलिटी और पूरे शरीर की अवेयरनेस को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। एक आसन से दूसरे आसन में लगातार बदलाव के दौरान सांस पर कंट्रोल, शरीर का तालमेल और एकाग्रता भी जरूरी होती है। यह सिर्फ शरीर को मोड़ने या अलग-अलग पोज देने की एक्सरसाइज नहीं है, बल्कि इसमें शरीर और दिमाग दोनों का तालमेल चाहिए।'' उन्होंने आगे लिखा, ''इस फ्लो से पेट की मांसपेशियों के साथ-साथ कलाई, कंधे और बाहों को मजबूत करने में मदद मिलती है। इसके अलावा बेहतर कोर स्टेबिलिटी, बैलेंस और सर्कुलेशन के लिए भी यह फायदेमंद होता है।

### '108 बेस हॉस्पिटल-उरी' में एरिका फर्नांडिस का नया अवतार, बोलीं-शूटिंग खत्म होते ही सामान्य जिंदगी में लौट आती हूं



'कसौटी जिंदगी की' और 'कुछ रंग प्यार के ऐसे भी' जैसे सीरियल में अपनी अलग पहचान बना चुकीं अभिनेत्री एरिका फर्नांडिस अपने नए शो '108 बेस हॉस्पिटल- उरी' में बिल्कुल अलग तरह के किरदार में नजर आ रही हैं। शो में वह डॉ. मेजर नैना का रोल निभा रही हैं। इस किरदार को लेकर उन्होंने काफी तैयारी की। आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने अपने अभिनय के तरीके के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि जब वह सेट पर होती हैं तो पूरी तरह अपने किरदार में चली जाती हैं। लेकिन जैसे ही शूटिंग खत्म होती है, वह आसानी से उस किरदार को छोड़कर अपनी सामान्य जिंदगी में लौट आती हैं।

# कौन हैं जननी गणेश, जिनकी शाही शादी में लगा सिनेमा से लेकर राजनीति के दिग्गजों का मेला

टॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और फिल्म निर्माता बैंडला गणेश की बेटी जननी हाल ही में शादी के बंधन में बंध गई हैं। शादी में बैंडला भावुक नजर आए। हैदराबाद के प्रतिष्ठित जेआरसी कन्वेंशन में रविवार को जननी और सूर्या तेजा चिलुकुरी की शादी का एक बेहद भव्य और यादगार आयोजन किया गया। इस शादी समारोह में दक्षिण भारतीय सिनेमा जगत के बड़े सितारों के साथ-साथ कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियों ने शिरकत की और नवविवाहित जोड़े को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। अब लोग बैंडला गणेश की बेटी जननी गणेश और उनके पति सूर्या के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। जननी गणेश अभिनेता और निर्माता बैंडला गणेश की बेटी हैं। जननी हमेशा से लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करती हैं, हालांकि पिछले कुछ वर्षों से वे अपने पारिवारिक प्रोडक्शन हाउस 'परमेश्वर आर्ट प्रोडक्शंस' के कामकाज में सक्रिय रूप से जुड़ी रही हैं। जननी के पति का नाम सूर्या तेजा चिलुकुरी है, जिन्हें लोग सूर्या तेजा के नाम से भी जानते हैं। सूर्या मूल रूप से आंध्र




प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले के रहने वाले हैं। एक साधारण और प्रतिष्ठित पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाले सूर्या तेजा के हैदराबाद के भव्य समारोह में पारंपरिक तेलुगु रीति-रिवाजों के अनुसार जननी के साथ सात फेरे लिए। इस शाही शादी में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने विशेष रूप से शिरकत की और वर-वधू को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। सिनेमा जगत से टॉलीवुड के मेगास्टार चिरंजीवी, नागार्जुन अक्किनेनी, वेंकटेश, नागा चैतन्य, शोभिता धुलिपला, पवन कल्याण की पत्नी अन्ना कोनिडेला, बेलमकोंडा साई श्रीनिवास, अल्लू अरविंद, निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास, कॉमेडियन ब्रह्मानंदम, सुनील, अनिल रविपुडी, गोपीचंद और तेजा सज्जा जैसे कई दिग्गज सितारे इस खुशी के मौके में शामिल हुए। हालांकि बैंडला गणेश के बेहद करीबी माने जाने वाले पवन कल्याण हाल ही में हुई अपने कंधे की सर्जरी के कारण इस कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बन सके, लेकिन उनकी जगह उनकी पत्नी मौजूद रहीं। इसके अलावा तेलंगाना के डिप्टी सीएम भी मौजूद रहे। बैंडला गणेश ने तेलुगु सिनेमा में अपने सफर की शुरुआत 1996 में आई फिल्म 'विनोदम' में एक छोटे से सहायक रोल से की थी। इसके बाद उन्होंने चिरंजीवी के साथ 'मास्टर' (1997) और पवन कल्याण के साथ 'सुस्वागतम' (1998) जैसी हिट फिल्मों में काम किया। कई वर्षों तक अभिनय करने के बाद उन्होंने 2009 में रवि तेजा स्टारर 'आंजनेयुलु' से बतौर निर्माता अपनी नई पारी शुरू की। इसके बाद उन्होंने पवन कल्याण, जूनियर एनटीआर, अल्लू अर्जुन और राम चरण जैसे सुपरस्टार्स के साथ कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों का निर्माण किया। हाल ही में वे फिल्म 'संप्रदायिनी सुप्पिनी सुद्दापूजानी' में अभिनय करते नजर आए थे। टॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और फिल्म निर्माता बैंडला गणेश की बेटी जननी गणेश रविवार को सूर्या तेजा चिलुकुरी के साथ शादी के बंधन में बंध गई।

# कश्मीरा शाह ने शादियों और बेवफाई पर जाहिर की निराशा, कहा-क्या अब भी होता है सच्चा प्यार

अभिनेत्री कश्मीरा शाह ने 'लाफ्टर शेफ्स' के सभी सीजन में अपनी मजेदार पर्सनैलिटी से दर्शकों के दिलों में दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। सोमवार को अभिनेत्री ने सोशल मीडिया के जरिए शादियों और बेवफाई पर निराशा जाहिर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें आसमान में दिल के आकार का धुंध है। अभिनेत्री ने अपने पोस्ट के जरिए सवाल उठाया है कि क्या 'सच्चा प्यार' अब भी होता है। कश्मीरा ने लिखा, "क्या यही सच्चा प्यार होता है? क्या ये सच में होता है? क्या कोई किसी से इतना प्यार कर सकता है कि उसके लिए पैसे खर्च करे और उसे स्पेशल महसूस कराए? ऐसा प्यार कहां मिलता है? और वो इंसान कौन है? शादियां टूटते और लोगों को धोखा देते देखकर मेरा भरोसा हिल गया है। लगता है मुझे हकीकत की थोड़ी सी झलक चाहिए।" गौरतलब है कि कश्मीरा का यह पोस्ट उनके पति कृष्णा अभिषेक के सुपरस्टार मामा गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के बीच चल रहे पब्लिक झगड़े के बीच आया है। बता दें कि अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा अपने रिश्ते के बारे में अलग-अलग और तीखे कमेंट्स कर रहे हैं। साथ ही, पब्लिक में अभिनेता के छवि खराब कर रहा हैं। सुनीता आहूजा ने पॉडकास्ट में शादी में बेवफाई को लेकर खुलकर बातें की, जिसमें दावा किया गया है कि गोविंदा के अफेयर्स रहे हैं। कुछ दिन पहले, सुनीता आहूजा ने पैपराजी से बात करते हुए गोविंदा को अपनी नई हीरोइन का 'शुगर डैडी' कहा था, जिसके साथ, सुनीता आहूजा के मुताबिक, उसका अफेयर चल रहा है। सुनीता आहूजा के चौंकाने वाले दावों ने कई लोगों को हैरान कर दिया है। इस पर, गोविंदा ने कुछ समय पहले रिएक्ट भी किया था। उन्होंने वीडियो जारी करते हुए कहा था कि सुनीता आहूजा उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने उनसे मुख्य रूप से गालीगलौज बंद करने और अपनी गालियों पर थोड़ा कंट्रोल रखने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ इसलिए कि उनके साथ एक बहुत छोटी एक्ट्रेस थी, इसका मतलब यह नहीं है कि उनका अफेयर चल रहा है और यह भी कहा कि बॉलीवुड के इतिहास में कई बड़े स्टार्स ने अपने से बहुत कम उम्र की एक्ट्रेस के साथ काम किया है। अभिनेत्री कश्मीरा शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए शादियों में बढ़ती अनबन और बेवफाई को लेकर निराशा जाहिर की है। 'लाफ्टर शेफ्स' के अलग-अलग सीजन में अपनी बेबाक और मजेदार अंदाज के लिए पहचान बनाने वाली कश्मीरा ने इंस्टाग्राम पर दिल के आकार वाले बादलों की तस्वीर साझा करते हुए सच्चे प्यार को लेकर कई सवाल किए। कश्मीरा ने अपने पोस्ट में लिखा कि क्या आज भी ऐसा सच्चा प्यार मौजूद है, जिसमें कोई व्यक्ति अपने साथी को खास महसूस कराने के लिए उसके लिए खर्च करे और पूरी तरह समर्पित रहे। उन्होंने सवाल किया कि ऐसा प्यार कहां मिलता है और वह इंसान कौन है। अभिनेत्री ने कहा कि लगातार शादियां टूटते और लोगों को एक-दूसरे को धोखा देते देखकर उनका भरोसा हिल गया है। कश्मीरा का यह पोस्ट ऐसे समय सामने आया है, जब उनके पति कृष्णा अभिषेक के मामा और अभिनेता गोविंदा तथा उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के रिश्ते को लेकर सार्वजनिक तौर पर बयानबाजी चल रही है। दोनों की ओर से समय-समय पर अपने रिश्ते को लेकर अलग-अलग टिप्पणियां सामने आई हैं। सुनीता आहूजा ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में शादी और बेवफाई के मुद्दे पर बात करते हुए गोविंदा के कथित अफेयर्स को लेकर दावे किए थे। इसके अलावा उन्होंने पैपराजी से बातचीत के दौरान गोविंदा को उनकी एक कथित नई अभिनेत्री के संदर्भ में 'शुगर डैडी' तक कह दिया था। इन बयानों के बाद गोविंदा ने भी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने एक वीडियो के जरिए सुनीता के बयानों पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि उनकी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने अपशब्दों के इस्तेमाल पर भी नाराजगी जताई और कहा कि केवल किसी कम उम्र की अभिनेत्री के साथ काम करने से यह साबित नहीं होता कि दोनों के बीच अफेयर है। कश्मीरा शाह ने अपने पोस्ट में किसी व्यक्ति का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया है। हालांकि, गोविंदा और सुनीता आहूजा के बीच चल रही सार्वजनिक बयानबाजी के बीच उनका यह पोस्ट सामने आने के कारण सोशल मीडिया पर इसे उसी संदर्भ से जोड़कर देखा जा रहा है।



## अभिनेत्री अनन्या राज के निधन पर एआईसीडब्ल्यूए ने जताया शोक, कहा- यह फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति






ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन (एआईसीडब्ल्यूए) ने अभिनेत्री अनन्या राज के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अनन्या का 27 वर्ष की उम्र में 15 जुलाई 2026 को निधन हो गया था। उनके परिवार ने करीब एक महीने बाद रविवार को उनके निधन की जानकारी सार्वजनिक की। एआईसीडब्ल्यूए ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबा शोक संदेश साझा करते हुए अभिनेत्री को श्रद्धांजलि दी। संगठन ने कहा कि अनन्या पिछले एक साल से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रही थीं और इस दौरान उन्हें शारीरिक तथा मानसिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। परिवार के मुताबिक, मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद अनन्या मजबूत हौसले वाली लड़की थीं और उन्होंने जिंदगी को पूरी शिद्दत से जिया। एआईसीडब्ल्यूए ने कहा कि अनन्या राज ने '7 ऑवर्स टू गो' (2016), 'द फाइनल एग्जिट' (2017) और 'घोस्ट' (2019) समेत कई बॉलीवुड फिल्मों में काम किया था। महज 27 वर्ष की उम्र में उनका निधन बॉलीवुड और पूरी भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के लिए सदमे की खबर है। संगठन ने कहा कि एक युवा कलाकार का जाना केवल उसके परिवार के लिए क्षति नहीं है, बल्कि यह पूरी फिल्म बिरादरी के लिए नुकसान है। फिल्म इंडस्ट्री के विस्तृत परिवार का एक सदस्य बहुत कम उम्र में दुनिया से चला गया।

## मंडे टेस्ट में भी 140 मिनट की एक्शन थ्रिलर का जादू बरकरार

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई इमरान हाशमी और दिशा पाटनी स्टारर फिल्म 'आवारापन 2' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मार ली है। सनी देओल की 'बंटवारा 1947' के साथ हुए कड़े मुकाबले के बावजूद 2007 की इस कल्ट क्लासिक फिल्म के सीक्वल को दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है। वीकेंड पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई करने के बाद अब यह एक्शन थ्रिलर फिल्म अपने सबसे महत्वपूर्ण मंडे टेस्ट यानी चौथे दिन से गुजरी और सामने आए आंकड़े से साफ है कि फिल्म ने गिरावट तो दर्ज की है, लेकिन बाकी फिल्मों की तुलना में दबदबा सोमवार को भी बरकरार है। किसी भी फिल्म की लंबी बॉक्स ऑफिस यात्रा और उसकी वास्तविक सफलता का फैसला सोमवार के आंकड़े ही करते हैं। इंडस्ट्री ट्रैकर सचनिल्क के लाइव रुझानों के मुताबिक चौथे दिन यानी अपने पहले सोमवार को 'आवारापन 2' देशभर में करीब 10849 शो में प्रदर्शित किया गया और फिल्म ने लगभग 9.6 करोड़ नेट का कलेक्शन कर लिया है। वीकडे होने के बावजूद दर्शकों की यह उपस्थिति बेहद उत्साहजनक मानी जा रही है। इस ताजा आंकड़े को जोड़कर फिल्म की कुल भारत में नेट कमाई 91 करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। फिल्म का वीकेंड कलेक्शन किसी सपने से कम नहीं रहा। ओपनिंग डे (शुक्रवार) पर फिल्म ने देशभर में 9033 शो के माध्यम से 22.00 करोड़ नेट की कमाई कर इमरान हाशमी के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग दर्ज की। इसके बाद दूसरे दिन (शनिवार) फिल्म के कारोबार में 53.4% का भारी उछाल आया और इसने 33.75 करोड़ का शानदार बिजनेस किया। तीसरे दिन (रविवार) को मामूली गिरावट के बावजूद फिल्म ने 26.00 करोड़ का बड़ा कलेक्शन किया। इस तरह शुरुआती तीन दिनों में ही फिल्म ने घरेलू बॉक्स



ऑफिस पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली। कमाई के आंकड़ों पर नजर डालें तो 'आवारापन 2' बहुत जल्द भारत में 100 करोड़ नेट का आंकड़ा पार करने जा रही है। चौथे दिन के शुरुआती रुझानों को मिलाकर भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 109.02 करोड़ के पार हो चुका है, जबकि नेट कलेक्शन 91 करोड़ के पार रहा है। ओवरसीज मार्केट की बात करें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इमरान हाशमी की इस थ्रिलर को सराहा जा रहा है।

## सार समाचार

### जुलाई में यूक्रेन के 437 नागरिकों ने गंवाई जान, 2,610 घायल: जेलेंस्की ने UN रिपोर्ट का दिया हवाला



कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की एक रिपोर्ट के हवाले से देश को पहुंचे नुकसान के बारे में बताया है। उनके अनुसार, जुलाई में हुए रूसी हमलों में यूक्रेन में 437 नागरिक मारे गए और 2,610 घायल हुए। उन्होंने कहा कि मई 2022 के बाद यह एक महीने में नागरिकों के हताहत होने का सबसे बड़ा आंकड़ा है। जेलेंस्की ने कहा, " जुलाई में 17 बच्चों की मौत हुई, जबकि 166 अन्य घायल हुए। अप्रैल 2022 के बाद किसी एक महीने में बच्चों के हताहत होने का यह सबसे बड़ा आंकड़ा है।" उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों की ओर पूरी दुनिया को ध्यान देना चाहिए। जेलेंस्की ने नागरिकों की मौत के लिए सीधे तौर पर रूस को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि यूक्रेन के शहरों पर मिसाइल, ड्रोन और बम हमलों को तेज किया जा रहा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि जुलाई में लंबी दूरी के हथियारों से किए गए हमलों में कुल नागरिक हताहतों में 38 प्रतिशत मामले सामने आए। उन्होंने इसे नागरिक आबादी के खिलाफ सुनियोजित पैटर्न का हिस्सा बताया और कहा कि ऐसे हमलों का दस्तावेजीकरण और जांच की जानी चाहिए। जेलेंस्की ने कहा कि रूस के हमलों के लिए जिम्मेदार प्रत्येक कमांडर और अधिकारी को यह समझना चाहिए कि उनके खिलाफ सबूत जुटाए जा रहे हैं और उन्हें जवाबदेह ठहराया जाएगा। जेलेंस्की ने कहा कि अधिक यूक्रेनी नागरिकों की हत्या से रूस को न तो युद्धक्षेत्र में अपनी स्थिति बेहतर करने में मदद मिलेगी और न ही बातचीत की मेज पर उसका पक्ष मजबूत होगा।

### ग्रीस के बुजुर्ग दंपति ने गंवाई जान, बेल्जियम में लगी आधुनिक इतिहास की सबसे बड़ी आग



एथेंस/ब्रसेल्स। यूरोप के कई देश पिछले एकाध महीनों से धधक रहे हैं। स्पेन और फ्रांस समेत कई देशों के जंगल की आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। ग्रीस में रविवार को जंगल की आग की चपेट में आने से एक बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई, जबकि बेल्जियम में आधुनिक इतिहास की सबसे बड़ी जंगल की आग ने एक दुर्गम प्राकृतिक क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है। ग्रीस के तट रक्षक के अनुसार, एथेंस के निकट सलामिस द्वीप के पेरिस्टेरिया बीच इलाके में एक बुजुर्ग दंपति अपने घर के बाहर आग की चपेट में आ गया। आग के खतरे को देखते हुए 500 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का आदेश दिया गया। सलामिस में आग बुझाने के लिए हेलीकॉप्टरों की मदद ली गई। तेज हवाओं और शुष्क परिस्थितियों के कारण आग पर काबू पाने में दमकल कर्मियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

### सऊदी-तुर्किये-पाकिस्तान के रक्षा समझौते पर ट्रंप की मुहर! बोले- 'बड़ा और साहसिक कदम'



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान के बीच हाल ही में साइन हुए मक्का जॉइंट डिफेंस एग्रीमेंट का समर्थन किया और इसे "एक बड़ा, बोल्ड और जरूरी पहला कदम" बताया। 7 अगस्त को साइन हुए इस समझौते ने तीन बड़े इस्लामिक देशों को डिफेंस के मामले में करीब ला दिया है और इसकी तुलना पहले ही NATO के कलेक्टिव डिफेंस प्रिंसिपल से की जा चुकी है। इसी वजह से इस ग्रुप को "इस्लामिक Nato" भी कहा जा रहा है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में इस समझौते की तारीफ करते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि मिडिल ईस्ट एक साथ आ रहा है और अब देश ज्यादा सही तरीके से अपनी रक्षा कर पाएंगे। ट्रंप ने कहा, "यह देखकर बहुत खुशी हुई कि सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान ने हाल ही में, और आखिरकार, मक्का जॉइंट डिफेंस एग्रीमेंट पर साइन कर दिया है। यह दिखाता है कि मिडिल ईस्ट कैसे एक साथ आ रहा है, और देश आखिरकार कैसे ज्यादा सही तरीके से अपनी रक्षा कर पाएंगे।" ट्रंप ने लिखा, "इन तीनों देशों की महान लीडरशिप को बधाई। यह एक बड़ा, हिम्मतवाला और जरूरी पहला कदम है ।" इस समझौते पर जेद्दा में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, तुर्की के प्रेसिडेंट रेसेप तैयप एर्दोगन और पाकिस्तान के प्राइम मिनिस्टर शहबाज शरीफ ने साइन किए। इस समझौते की सबसे अहम शर्त यह है कि अगर तीनों में से किसी एक देश पर हमला होता है तो उसे तीनों देशों पर हमला माना जाएगा।

## भारत की चुनाव व्यवस्था के मुरीद हुए ट्रंप! SAVE America Act पास कराने पर दिया जोर



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत की चुनाव व्यवस्था से काफी प्रभावित नजर आ रहे हैं। उन्होंने भारत जैसी चुनाव व्यवस्था लागू करने के लिए Save America Act पर जोर दिया है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में भारतीय चुनाव व्यवस्था का जिक्र किया है। इस संबंध में उन्होंने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ हुई बातचीत का उल्लेख किया और अमेरिका में मतदाता पहचान संबंधी नियमों को सख्त करने पर जोर दिया। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि इसी महीने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उनके प्रशासन से सवाल किया था कि अमेरिका में वैध फोटो पहचान पत्र के बिना चुनाव कैसे कराए जाते हैं? भारत के पिछले लोकसभा चुनाव में करीब 64.6 करोड़ वोटर थे और एक प्रतिशत से भी कम लोगों ने डाक के जरिए वोट डाला। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में हर मतदाता के लिए वैध फोटो पहचान दस्तावेज जरूरी था। इन आंकड़ों का हवाला देते हुए ट्रंप ने कहा कि Save America Act को पास कराना जरूरी हो गया है। व्हाइट हाउस के मुताबिक सेफगार्ड अमेरिकन वोटर एलिजिबिलिटी (SAVE) America Act के तहत अमेरिका के चुनावी सिस्टम में बड़े बदलाव का प्रस्ताव है। यह प्रस्तावित कानून यह पक्का करना चाहता है कि सिर्फ अमेरिका के नागरिक ही फ़ेडरल चुनावों में वोट दे सकें। यह कानून अमेरिकी नागरिकों के लिए वोटर रजिस्ट्रेशन के समय नागरिकता का सबूत दिखाना अनिवार्य करेगा। इसके साथ ही पूरे देश में मतदाता पहचान पत्र की व्यवस्था को लागू करेगा। प्रस्तावित कानून मेल के जरिए वोटिंग पर भी सख्ती करेगा, जबकि बीमार, विकलांग, सेना में सेवारत या यात्रा करने वाले लोगों के लिए कुछ छूट देगा। इसके अलावा, राज्यों को गैर-नागरिकों की पहचान करके उन्हें वोटर रोल से हटाना होगा। इससे चुनावी धोखाधड़ी रोकने में मदद मिलेगी। इस एक्ट का मुख्य मकसद है कि सिर्फ़ अमेरिकी नागरिकों को ही अमेरिकी चुनावों का फ़ैसला करना चाहिए।

## ट्रंप ने अब ओमान को दे डाली धमकी, ईरान से बातचीत पर दिया बड़ा बयान



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब ओमान को धमकी दी है। ट्रंप ने कहा है कि अगर ओमान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरान और अमेरिका के बीच आया, कोई रुकावट डालने की जुर्रत की, तो अमेरिकी फोर्सेज ओमान पर जबरदस्त अटैक करेंगी। असल में ईरान और ओमान होर्मुज से जहाजों की आवाजाही को लेकर बातचीत कर रहे हैं। दोनों देशों के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के लिए शिपिंग रूट का नक्शा तैयार करने पर सहमति भी बन चुकी है। इस बात को लेकर अब डोनाल्ड ट्रंप भड़क गए हैं। ट्रंप चाहते हैं कि होर्मुज पर अमेरिका का कन्ट्रोल हो। ईरान अमेरिका के साथ मिलकर कोई रास्ता निकाले, लेकिन ईरान और ओमान की बातचीत से ट्रंप का प्लान खतरे में है, इसीलिए आज ट्रंप ने ओमान को धमकाने की कोशिश की। दरअसल, होर्मुज स्ट्रेट पर नियंत्रण को लेकर ईरान और ओमान के बीच समानांतर बातचीत के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा, "अगर ओमान बीच में आता है, तो हम उन पर जबरदस्त बमबारी करेंगे।" अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे संकेत दिया कि तेहरान के सार्वजनिक बयानों के बावजूद, अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी से ईरानी सरकार पर नया आर्थिक दबाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ईरानी लोग "अच्छे पोकर खिलाड़ी" हैं लेकिन वे "बर्बाद हो रहे हैं"। उन्होंने यह भी कहा कि नवंबर में होने वाले अमेरिकी मध्यावधि चुनावों का उनकी सोच से कोई लेना-देना नहीं है। ट्रंप की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब तेहरान और मस्कट होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित कमर्शियल नेविगेशन के लिए एक सिस्टम बनाने पर बातचीत कर रहे हैं। बता दें कि ओमान में अमेरिका का मिलिट्री बेस है।

## 250 दिन से समंदर में यूएसएस अब्राहम लिंकन, ट्रंप बोले- 'तैनाती लंबी नहीं'



वाशिंगटन। विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन की रिकॉर्ड लंबी तैनाती अमेरिकी प्रशासन के लिए सवाल बनती जा रही है। करीब नौ महीने से समुद्र में मौजूद इस युद्धपोत के चालक दल की मानसिक सेहत और जहाज पर कथित खराब होती सुविधाओं को लेकर अमेरिकी सैन्यकर्मियों के परिवारों और सांसदों ने चिंता जताई है। इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन चिंताओं पर कहा कि जहाज की तैनाती उनके हिसाब से "काफी लंबी नहीं, बल्कि पर्याप्त भी नहीं हुई है।" यूएसएस अब्राहम लिंकन करीब 5,000 सैन्यकर्मियों के साथ 250 से ज्यादा दिनों से समुद्र में है और इस दौरान उसने लंबे समय तक किसी बंदरगाह पर ठहराव नहीं किया है। रिपोर्टों के मुताबिक यह अमेरिकी नौसेना के लिए आधुनिक दौर की असाधारण रूप से लंबी तैनाती है। जहाज ईरान के खिलाफ जारी अमेरिकी सैन्य अभियानों के समर्थन में मध्य पूर्व में तैनात है। यूएसएस अब्राहम लिंकन को लेकर विवाद तब गहराया जब जहाज पर तैनात कुछ नाविकों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंताजनक रिपोर्ट सामने आईं। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि कुछ नाविकों ने समुद्र में छलांग लगाने की कोशिश की। अमेरिकी सांसदों और सैन्य परिवारों ने जहाज पर लंबे समय तक लगातार तैनाती के असर की जांच की मांग की है। हालांकि, अमेरिकी नौसेना ने आत्महत्या की प्रवृत्ति में किसी वृद्धि की पुष्टि नहीं की है। रक्षा विभाग ने भी जहाज की स्थिति को लेकर सामने आई कुछ रिपोर्टों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए जाने की बात कही है। 14 अगस्त को पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए ट्रंप ने यूएसएस अब्राहम लिंकन की लंबी तैनाती को लेकर कहा कि यह "अभी लगभग पर्याप्त लंबी नहीं हुई है।" ट्रंप ने हालांकि यह भी पुष्टि की कि लिंकन को जल्द ही एक दूसरे विमानवाहक पोत से बदला जाएगा। अमेरिकी प्रशासन के अनुसार यूएसएस जॉर्ज वाशिंगटन को उसकी जगह मध्य पूर्व भेजा जा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने तीन पत्रों की चिट्ठी साझा करते हुए तैनाती, तैयारी और सेहत को लेकर कुल 6 सवाल पूछे थे।

## 'रावलकोट शहीदों' को याद कर रहा पीओके, हुकूमत से अवाम बेहद नाराज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) का रावलकोट पिछले कुछ महीनों से काफी चर्चा में रहा। अपने हक की बात कर रहे निहत्थों पर पाकिस्तानी सेना ने बर्बरता की हद पार कर दी। हिंसा में कई मासूमों ने जान गंवा दी। इन शहीदों को अवाम शिद्दत से याद कर रही है। स्मारकों पर लाल गुलाब रखे गए हैं और उनके सम्मान में दुकानें बंद रखी गई हैं। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) उस शहर पहुंचा जहां पाकिस्तानी सेना ने मासूमों पर कहर बरपाया था और ये महीनों तक विरोध प्रदर्शन का मुख्य केंद्र बनकर उभरा था। स्थानीय हाजी हसन अजीजी ने बताया कि लगभग तीन हफ्ते पहले उन्होंने बड़ी बंदूकों के साथ सुरक्षा कर्मियों को 'निहत्थे लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलाते' देखा था।" हसन ने एबीसी को बताया, "हमने शव उठाए; उन्हें एम्बुलेंस में रखा और कुछ को अपने कंधों पर उठाया। यह वह जगह (इशारे से दिखाते हुए) है जहां एक लड़का शहीद हुआ था। उसका नाम नोमान था। वह यहां से दो से तीन किलोमीटर दूर सिंगोला गांव का रहने वाला था।" एबीसी की रिपोर्ट में आगे कहा गया, "शहर के एक और शख्स मुमताज खान ने कहा कि उसने पुलिस को आंसू गैस छोड़ते देखा, और फिर इतनी गोलियां चलीं कि उनके घर की दीवारों में छेद हो गए।" ऑस्ट्रेलिया के जाने-माने पब्लिक सर्विस मीडिया संस्थान ने आगे बताया कि, गोलीबारी के बाद से, शहर का केंद्रीय बस अड्डा सैकड़ों प्रदर्शनकारियों से पटा पड़ा है। ये बदलाव की मांग कर रहे हैं और आक्रोशित हैं।

## ग्रीस के टूरिस्ट आइलैंड सिफनोस पर हैलीकॉप्टर क्रैश, तीन की हुई मौत; आसमान में छाया धुएं का गुबार



एथेंस। इस वक्त की बड़ी खबर ग्रीस से आ रही है। यहां ग्रीस के एक मशहूर आइलैंड सिफनोस में एक प्राइवेट हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत होने की सूचना मिल रही है। वहीं घटना के बाद राहत और बचाव कार्य किया जा रहा है। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें घटनास्थल से उठ रहे धुएं के गुबार को दूर से ही देखा जा सकता है। फिलहाल इस हादसे के बारे में अधिक जानकारी सामने नहीं आ सकी है। अधिकारी घटना की जांच में जुटे हुए हैं। दरअसल, ग्रीस के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को ग्रीस के मशहूर टूरिस्ट आइलैंड सिफनोस में एक प्राइवेट हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि हेलीकॉप्टर सिफनोस के थोलोस इलाके में क्रैश हुआ और उसमें आग लग गई। डिपार्टमेंट ने आगे बताया कि घटनास्थल से तीन लोगों के शव बरामद किए गए हैं। हेलीकॉप्टर में सवार लोगों की पहचान और क्रैश की वजह का तुरंत पता नहीं चल सका। इससे पहले हाल ही में पूर्वी इंग्लैंड के एसेक्स में भी एक विमान हादसा हो गया था। इसमें मारे गए लोगों की पहचान 24 साल के भारतीय छात्र और भारतीय मूल के 26 साल के पायलट के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक इन्होंने दो सीटों वाला विमान किराए पर लिया था। 30 जून को ओंगार में हुए इस जानलेवा विमान हादसे की जांच कर रहे एसेक्स पुलिस के जासूसों ने बताया कि उन्होंने पीड़ितों की पहचान यात्री वामशी मंडला और पायलट डायलन पटेल के तौर पर करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। दोनों ने नॉर्थ वील्ड एयरफील्ड से उड़ान भरी थी। यह उड़ान मंडला की यूनिवर्सिटी की पढ़ाई पूरी होने का जश्न मनाने के लिए "छोटी फ्लाइंग एक्सपीरियंस फ्लाइट" के तौर पर थी, लेकिन उड़ान के कुछ ही देर बाद हादसा हो गया। एसेक्स पुलिस के डिटेक्टिव चीफ सुपरिंटेंडेंट मॉर्गन क्रोनिन ने कहा, "मेरी और मेरे अधिकारियों की संवेदनाएं वामशी और डायलन के परिवार और दोस्तों के साथ हैं, जो इस दुख की घड़ी से गुजर रहे हैं।" उन्होंने कहा, "औपचारिक पहचान की प्रक्रिया काफी जटिल थी और हमने इसे बहुत संवेदनशीलता के साथ पूरा किया है। मैं उन लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने घटना के समय मदद की और जो जांच में लगे हुए हैं। उन्होंने जिस तरह से अपना काम किया और वामशी व डायलन की गरिमा का ध्यान रखा, वह सराहनीय है।"

## दक्षिण कोरिया: मूसलाधार बारिश से तबाही, भूस्खलन में एक की मौत

सोल। दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में सप्ताहांत से हो रही मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचा दी है। दक्षिण ग्योंगसांग प्रांत के जियोजे शहर में शनिवार से सोमवार सुबह तक 800 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जियोजे में सोमवार तड़के करीब 4:42 बजे भूस्खलन हुआ और इसकी चपेट में एक इमारत आ गई। पुलिस और दमकलकर्मियों ने इमारत से तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इनमें से एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला और बाद में अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। योनहाप के अनुसार, जियोजे से करीब 300 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित टोंगयोंग में भी शनिवार से सोमवार सुबह तक 671.9 मिमी बारिश हुई। प्रांत के अन्य इलाकों में 240 से 340 मिमी तक बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण जियोजे और टोंगयोंग में 12 स्कूल और किंडरगार्टन जलमग्न हो गए। जियोजे में कई नदियां और जलधाराएं उफान पर आ गईं, जिससे सड़कें पानी में डूब गईं। एक अन्य इलाके में भूस्खलन से एक मकान भी प्रभावित हुआ, हालांकि वहां किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग को रातभर जियोजे में बारिश से जुड़ी घटनाओं और नुकसान के संबंध में 20 से ज्यादा मदद की कॉल मिलीं। सोमवार सुबह जियोजे और टोंगयोंग में बारिश की तीव्रता 100 मिलीमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई थी। मौसम विभाग ने दक्षिण ग्योंगसांग प्रांत के कुछ हिस्सों में सोमवार को 150 मिलीमीटर तक अतिरिक्त बारिश होने का अनुमान जताया है।

## 'गाजा में हर रात 30 से 40 लोगों को मारो' इजरायल के मंत्री बेन-ग्विर के बयान से मचा बवाल



यरुशलम। अक्टूबर 2023 में इजरायल पर हमास के हमले के बाद इजरायली सेना ने हमास की कमर तोड़ने के साथ ही गाजा पर बमबारी कर उसे खंडहर में तब्दील करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं अब इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार में शामिल एक कट्टरपंथी सांसद ने सार्वजनिक रूप से गाजा में हर रात 30 से 40 लोगों को मारने की बात कही है। उनके इस बयान से बवाल मच गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमर बेन-ग्विर की यह टिप्पणी फलस्तीनी मीडिया में तेजी से प्रसारित हुई। इतमर बेन-ग्विर ने गाजा में पूर्व में बंधक बनाए गए रोम ब्रास्लाव्स्की के पॉडकास्ट में यह बयान दिया। दोनों सात अक्टूबर, 2023 को हमास के हमले के बाद इजरायल के हालात पर चर्चा कर रहे थे। इस दौरान बेन-ग्विर ने गाजा में इजरायल के हालिया हवाई हमलों में कमी की आलोचना की। उन्होंने कहा, ''यह कोई रहस्य नहीं है कि मैं प्रधानमंत्री से असहमत हूं। मेरा मानना है कि गाजा में लोगों को निशाना बनाकर मारना चाहिए और हर रात 30 से 40 लोगों को निशाना बनाया जाना चाहिए। केवल उन लोगों को नहीं, जो तत्काल खतरा हैं, वहां कुछ ऐसे लोग भी हैं जो जीने के लायक नहीं हैं। उन्हें जीवित नहीं छोड़ना चाहिए।'' बेन-ग्विर और अन्य इजरायली अधिकारियों के इस तरह के बयानों की पहले भी व्यापक स्तर पर आलोचना होती रही है। कई ऐसे बयानों को नरसंहार की मंशा के सबूत के तौर पर संयुक्त राष्ट्र की विश्व अदालत के समक्ष भी पेश किया गया है। हालांकि, इजरायल गाजा में नरसंहार के आरोपों से इनकार करता है।

# खेल समाचार

## अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित होने वालीं पहली भारतीय महिला पहलवान, कॉमनवेल्थ गेम्स में जीता सिल्वर

गीतिका जाखड़ की गिनती भारत की मशहूर महिला पहलवानों में की जाती है। महज 13 साल की उम्र में अखाड़े में कदम रखने वालीं गीतिका को पहलवानी का खेल विरासत में मिला। गीतिका ने एशियाई खेलों के साथ-साथ कॉमनवेल्थ गेम्स में भी देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया। गीतिका का जन्म 18 अगस्त, 1985 को हरियाणा के हिसार जिले के अग्रोहा गांव में हुआ। गीतिका के घर में शुरुआत से ही खेलकूद का माहौल था। उनके दादा खुद पहलवान रहे जबकि पिता स्पोर्ट्स अफसर थे। गीतिका को भी बचपन से ही इस खेल से खास लगाव हो गया और उन्होंने 13 साल की उम्र में पहली बार अखाड़े में कदम रखा। महज 15 साल की उम्र में गीतिका ने भारत केसरी का खिताब अपने नाम किया और अगले 9 साल लगातार इस खिताब को जीतने में सफल रहीं। इसके बाद गीतिका ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। 2003 और 2005 के कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में गीतिका का जलवा देखने को मिला और वह गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब रहीं। वहीं, साल 2007 में उन्होंने सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। नेशनल गेम्स में दमदार प्रदर्शन के लिए गीतिका को 'भीम पुरस्कार' से भी नवाजा गया। पहलवानी के खेल में देश का नाम रोशन करने के लिए गीतिका को साल 2006 में भारतीय सरकार द्वारा 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

## बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप के पहले राउंड की जीत को अर्जुन-हरिहरन ने बताया खास



एम आर अर्जुन के लिए सोमवार को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप के ओपनिंग राउंड में मिली जीत सिर्फ अगले राउंड में पहुंचने से कहीं ज्यादा मायने रखती थी। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम के स्टैंड्स से अर्जुन को उनके माता-पिता और पत्नी ने लाइव खेलते हुए देखा, जिसे भारतीय शटलर ने बेहद खास पल बताया है। अर्जुन का कहना है कि इस पल को देखकर उन्हें कुछ ऐसा महसूस हुआ, जो 13 साल में आज तक नहीं हुआ था। अर्जुन ने हरिहरन असमाकरण के साथ मिलकर आयरलैंड के स्कॉट गिल्डिया और पॉल रेनॉल्ड्स को ओपनिंग राउंड के मुकाबले में 21-16, 6-4 से हराने के बाद कहा, "मेरे माता-पिता और मेरी पत्नी यहां हैं। शायद 13 साल बाद मेरे माता-पिता मुझे लाइव खेलते देख रहे हैं।" जिस व्यक्ति के पिता कभी उन्हें उनके जूनियर मैचों के लिए देशभर में ले जाते थे, उनके लिए माता-पिता का स्टैंड्स में वापस आना नतीजे से कहीं ज्यादा मायने रखता था। अर्जुन ने बताया कि उनके पिता बचपन से ही उनका पूरा साथ देते आए हैं। जब वह करीब 8 साल के थे, तब उनके पिता उन्हें हर जूनियर मैच में लेकर जाते थे। हालांकि, बाद में अर्जुन को लगा कि उन्हें अकेले खेलना और यात्रा करना ज्यादा पसंद है। उन्होंने कहा कि कई बार माता-पिता और कोच की अपनी राय होती है, जो हर बार सही नहीं होती। हालांकि, उनके पिता हमेशा उनके खेल पर नजर रखते हैं।

## बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप : स्पेनिश जोड़ी के खिलाफ आसान जीत के साथ ट्रीसा-गायत्री का अभियान शुरू



भारत की ट्रीसा जॉली/गायत्री गोपीचंद ने स्पेन की पाउला लोपेज/लूसिया रोड्रिग की जोड़ी को 21-9, 21-13 से मात देकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला सिर्फ 33 मिनट में अपने नाम किया। भारतीय खिलाड़ी अब 16वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी जोड़ी लॉरेन लैम और एलिसन क्विन ली के खिलाफ उतरेंगी, जिन्हें पहले दौर में बाई मिला था। इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सोमवार को ट्रीसा-गायत्री ने शुरुआत में ही तेज रफ्तार पकड़ते हुए 6-2 की बढ़त बना ली। इसके बाद मिड-गेम ब्रेक तक 11-5 की बढ़त हासिल की। ब्रेक के बाद भी अपनी लय बनाए रखते हुए, उन्होंने बढ़त को 16-5 तक पहुंचाया और सिर्फ 13 मिनट में पहला गेम आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम की शुरुआत में स्पेनिश जोड़ी ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन ट्रीसा/गायत्री की जोड़ी ने बढ़त बनाते हुए ब्रेक तक 11-8 का स्कोर कर लिया। गेम के आखिरी पलों में भी नियंत्रण बनाए रखते हुए, भारतीय खिलाड़ियों ने विरोधी की वापसी की किसी भी उम्मीद को खत्म कर दिया और दूसरा गेम 21-13 से जीतकर आसान जीत सुनिश्चित की।

## बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप: सोफिया नोबल के खिलाफ पीवी सिंधु की शानदार जीत




पूर्व चैंपियन पीवी सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 में सोमवार को आयरलैंड की सोफिया नोबल के खिलाफ 21-7, 21-11 से जीत हासिल करते हुए विमेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 32 में जगह बनाई। अब भारतीय खिलाड़ी का सामना राउंड ऑफ 32 में कनाडा की दुनिया की 49वें नंबर की खिलाड़ी वेन यू झांग से होगा। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में वर्ल्ड नंबर-9 खिलाड़ी के सामने, वर्ल्ड रैंकिंग में 141वें स्थान पर मौजूद आयरिश खिलाड़ी लगभग तुरंत ही दबाव में आ गईं। सिंधु ने मैच की शुरुआत में ही तेजी दिखाई और नोबल के खेल में जमने से पहले ही 8-0 की बढ़त बना ली। दोनों खिलाड़ियों के अनुभव में अंतर साफतौर पर नजर आ रहा था। साल 2019 में बेसल में वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने वाली 31 साल की सिंधु ने रैलियों पर नियंत्रण रखा और 21 साल की आयरिश खिलाड़ी को कोई भी लगातार लय हासिल नहीं करने दी। नोबल ने आखिरकार अपना खाता खोला, लेकिन शुरुआती बढ़त ने पहले गेम पर सिंधु की पकड़ मजबूत कर दी थी और भारतीय खिलाड़ी ने इसे 21-7 से जीत लिया। नोबल दूसरे गेम में ज्यादा संयम के साथ लौटीं और पहले हाफ में सिंधु के करीब बनी रहीं। इंटरवल तक वह भारतीय खिलाड़ी से सिर्फ तीन अंक पीछे थीं, जिससे संकेत मिल रहा था कि मुकाबला और कड़ा हो सकता है। हालांकि, सिंधु ने जल्द ही खेल पर फिर से अपना दबदबा बना लिया। इंटरवल के बाद भारतीय खिलाड़ी ने अपनी गति बढ़ाई और अगले 13 में से 10 अंक जीतकर निर्णायक बढ़त बना ली, जिससे नोबल के लिए मैच में वापसी का कोई रास्ता नहीं बचा। 2016 ओलंपिक में सिल्वर और 2020 ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली 31 साल की भारतीय खिलाड़ी ने दूसरा गेम आसानी से 21-11 से जीतकर अपने 10वें वर्ल्ड चैंपियनशिप अभियान की शानदार शुरुआत की। पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। सोमवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सिंधु ने आयरलैंड की सोफिया नोबल को 21-7, 21-11 से हराकर महिला एकल के राउंड ऑफ 32 में जगह बना ली। दुनिया की 9वें नंबर की खिलाड़ी सिंधु के सामने 141वीं रैंकिंग वाली नोबल शुरुआत से ही दबाव में नजर आईं। भारतीय खिलाड़ी ने मैच में तेज शुरुआत करते हुए लगातार अंक जुटाए और देखते ही देखते 8-0 की बढ़त बना ली। सिंधु ने अपनी आक्रामक शैली और शानदार कोर्ट कवरेज के दम पर नोबल को लय में आने का मौका नहीं दिया। सिंधु ने रैलियों पर लगातार नियंत्रण बनाए रखा और पहला गेम आसानी से 21-7 से अपने नाम कर लिया। 2019 में बेसल में विश्व चैंपियन बनने वाली सिंधु ने अपने अनुभव का भरपूर फायदा उठाया। दूसरे गेम में नोबल ने बेहतर शुरुआत की और सिंधु को कड़ी टक्कर देने की कोशिश की। इंटरवल तक आयरिश खिलाड़ी सिर्फ तीन अंकों से पीछे थीं, जिससे मुकाबला कुछ समय के लिए रोमांचक नजर आया। हालांकि, ब्रेक के बाद सिंधु ने अपनी गति बढ़ाई और अगले 13 में से 10 अंक जीतकर मुकाबले पर पूरी तरह पकड़ बना ली। इसके बाद नोबल के लिए वापसी करना मुश्किल हो गया और सिंधु ने दूसरा गेम 21-11 से जीतकर सीधे गेमों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। यह सिंधु का 10वां वर्ल्ड चैंपियनशिप अभियान है।

## संदीप पाटिल: स्टाइलिश क्रिकेटर, जिन्होंने एक्टिंग करियर के बाद बतौर कोच भी शोहरत हासिल की



संदीप पाटिल का नाम भारतीय क्रिकेट के आक्रामक और प्रतिभाशाली बल्लेबाजों में शुमार है, जिन्होंने अपनी आकर्षक बल्लेबाजी और निडर अंदाज से फैंस के दिलों में खास जगह बनाई। वर्ल्ड कप 1983 विजेता टीम का हिस्सा रहे पाटिल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत का गौरव बढ़ाते हुए कई यादगार पारियां खेलीं। इस स्टाइलिश क्रिकेटर ने एक्टिंग करियर के अलावा, कोच के तौर पर भी शोहरत हासिल की। 18 अगस्त 1956 को बॉम्बे में जन्मे संदीप पाटिल अपने पिता मधुसूदन पाटिल के नक्शेकदम पर चलते हुए एक क्रिकेटर बने। पिता मुंबई के लिए 5 फर्स्ट क्लास मैच खेल चुके थे। संदीप पाटिल शानदार बल्लेबाजी से भारत के मिडिल ऑर्डर को मजबूती देते थे। इसके साथ ही उनकी मीडियम पेस गेंदबाजी भी कई मौकों पर टीम के काम आई। संदीप पाटिल ने 15 जनवरी 1980 को पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट डेब्यू के साथ अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था। इसी साल 6 दिसंबर को उन्होंने वनडे फॉर्मेट में भी पदार्पण कर लिया। यह मैच ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध था। संदीप पाटिल ने भारत के लिए 29 टेस्ट मुकाबलों में 36.93 की औसत के साथ 1,588 रन बनाए, जिसमें 4 शतक शामिल रहे। वहीं, 45 वनडे मुकाबलों में उन्होंने 24.51 की औसत के साथ 1,005 रन जोड़े, जिसमें 9 अर्धशतक लगाए। फर्स्ट क्लास करियर के 130 मुकाबलों में 8,156 रन और 73 लिस्ट-ए मुकाबलों में उनके नाम 1,741 रन दर्ज हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके नाम 24 विकेट भी हैं। संदीप पाटिल वर्ल्ड कप 1983 की विजेता टीम का हिस्सा रहे, जिन्होंने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 32 रन की अहम पारी खेली थी। पाटिल ने 1982 में इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर टेस्ट में 129 रन की नाबाद पारी खेली थी। उन्होंने तेज गेंदबाज बॉब विलिस के एक ही ओवर में 6 चौके (4,4,4,0,4,4,4) जड़े थे। इस ओवर की चौथी गेंद पर कोई रन नहीं बना था, मगर इससे पहले विलिस ने एक 'नो-बॉल' फेंकी, जिस पर पाटिल ने चौका लगाया था। क्रिकेट से संन्यास के बाद संदीप पाटिल ने एक्टिंग करियर शुरू किया। उनके कार्यकाल में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2013 का खिताब अपने नाम किया था।

## सुथार-जडेजा ने चटकाए 7 विकेट, श्रीलंका सिर्फ 284 रन पर ढेर, भारत के पास शानदार बढ़त




टीम इंडिया ने गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में जारी टेस्ट सीरीज के पहले मैच में तीसरे दिन की समाप्ति तक श्रीलंका के खिलाफ मजबूत पकड़ बना ली है। अपनी पहली पारी में 462 रन बनाने के बाद भारत ने श्रीलंकाई टीम को सिर्फ 284 रन पर समेटकर 178 रन की बढ़त हासिल कर ली। श्रीलंकाई पारी समाप्त होने के बाद खराब मौसम के चलते आगे का खेल नहीं हो सका और दिन की समाप्ति की घोषणा कर दी गई। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की तरफ से यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी की। जायसवाल 32 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद देवदत्त पड्डिकल ने मोर्चा संभाला। उन्होंने केएल राहुल के साथ दूसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। इसके बाद पड्डिकल ने ऋषभ पंत के साथ 71 रन जुटाए। इनके अलावा, मानव सुथार और ध्रुव जुरेल के बीच 55 रन की साझेदारी भी हुई। इस पारी में भारत के लिए पड्डिकल ने 230 गेंदों का सामना करते हुए 16 बाउंड्री के साथ सर्वाधिक 167 रन बनाए, जबकि पंत ने 39 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। ध्रुव जुरेल ने 68 गेंदों में 5 बाउंड्री के साथ 51 रन की पारी खेली। मेजबान टीम की तरफ से प्रभात जयसूर्या ने सर्वाधिक 4 विकेट अपने नाम किए, जबकि केशरा नुवानथा ने 3 विकेट और असिथा फर्नांडो ने 2 विकेट चटकाए। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम अपनी पहली पारी में सिर्फ 284 रन पर ढेर हो गई। इस टीम को दूसरी गेंद पर निशान फर्नांडो (0) के रूप में शुरुआती झटका लगा। उस समय तक श्रीलंका का खाता भी नहीं खुला था। यहां से विकेटों का पतझड़ लग गया। आलम ये रहा कि महज 90 के स्कोर तक श्रीलंका ने अपने 5 विकेट खो दिए थे। इसके बाद, सोनल दिनुशा ने निरोशन डिकवेला के साथ छठे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 'दोहरे शतक' के पार पहुंचा दिया।

## ऋषभ पंत ने फिर दोहराई वही पुरानी गलती, खराब शॉट खेलकर गंवाया विकेट

भारत और श्रीलंका के बीच सीरीज का पहला टेस्ट मैच गाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत एक बार फिर अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और खराब शॉट खेलकर आउट हुए। देवदत्त पडिक्कल के साथ दूसरे दिन बल्लेबाजी करने उतरे पंत शुरुआत में अच्छी लय में दिखाई दिए। पंत के बल्ले से रन आ रहे थे और वह क्रीज पर सेट भी दिख रहे थे। हालांकि, बड़ा शॉट लगाने की चाहत में पंत अपना विकेट तोहफे में देकर चलते बने। 39 के स्कोर पर केशरा नुवानथा की गेंद



पर पंत ने आगे बढ़कर छक्का लगाने के इरादे से हवाई शॉट खेला, लेकिन गेंद और बल्ले का अच्छा संपर्क नहीं हुआ और बॉल बैट का भारी किनारा लेकर फील्डर के हाथों में चली गई। पवेलियन लौटते समय पंत खुद अपने शॉट से निराश नजर आए। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है कि जब पंत इस तरह का खराब शॉट खेलकर पवेलियन लौटे हैं। अच्छी शुरुआत करने के बाद बड़ा शॉट खेलने की जल्दबाजी में पंत अक्सर अपना विकेट गंवा चुके हैं। हालांकि, देवदत्त पडिक्कल ने अपनी शानदार बल्लेबाजी से टेस्ट के दूसरे दिन हर किसी को प्रभावित किया।

## हॉकी वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने किया शानदार आगाज, वेल्स को 3-1 के अंतर से दी मात

भारतीय हॉकी टीम ने बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में खेले जा रहे हॉकी वर्ल्ड कप में जीत के साथ आगाज करते हुए अपने अभियान की शानदार शुरुआत की है। पूल-डी में शामिल भारतीय टीम का 15 अगस्त को पहला मैच वेल्स की टीम के खिलाफ था, जिसमें उन्होंने इस मैच को 3-1 के अंतर से अपने नाम किया। टीम इंडिया ने पहले 2 क्वार्टर में ही 2-0 की बढ़त बना ली थी, जिसके बाद मुकाबला खत्म होने तक अपने दबाव को बरकरार रखा हुआ था। भारतीय टीम के लिए इस मैच में जीत दिलाने में अहम भूमिका कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने निभाई जो दो गोल करने में कामयाब रहे। वेल्स के खिलाफ मुकाबले की शुरुआत होने के साथ भारतीय टीम की तरफ से पहले क्वार्टर के 7वें मिनट में सुमित ने गोल करने के साथ 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद 10वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शानदार ड्रैग-फ्लिक के साथ गोल करते हुए बढ़त को 2-0 पहुंचा दिया। पहले हाफ का खेल खत्म होने पर भारतीय टीम मुकाबले में 2-0 से आगे थी। वहीं दूसरे क्वार्टर में टीम इंडिया ने थोड़ा सुरक्षात्मक रवैया अपनाया और ना कोई गोल किया ना ही वेल्स की टीम को मैच में खाता खोलने का मौका दिया।

## हॉकी वर्ल्ड कप में भारतीय महिला टीम का दमदार आगाज, ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट चीन को 2-2 पर रोका




हॉकी वर्ल्ड कप के अपने पहले ही मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने बता दिया कि इस बार उसकी नजरें सिर्फ हिस्सा लेने पर नहीं, बल्कि बड़ी टीमों को चुनौती देने पर हैं। कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने 16 अगस्त को एम्स्टेलवीन के वैगनर हॉकी स्टेडियम में मौजूदा ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट चीन को 2-2 की बराबरी पर रोककर टूर्नामेंट का शानदार आगाज किया। भारत की ओर से नवनीत और दीपिका ने गोल दागे। मुकाबले में भारतीय टीम ने दो बार बढ़त बनाई, लेकिन चीन ने हर बार वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। आखिरी क्वार्टर में दोनों टीमों ने निर्णायक गोल के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली और मुकाबला ड्रॉ पर खत्म हुआ। इससे पहले भारतीय मेन्स टीम ने वेल्स को हराकर टूर्नामेंट में जीत से अपने अभियान का आगाज किया। भारत ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। पांचवें मिनट में लालरेमसियामी ने भारत के लिए पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। नवनीत ने शॉट लिया, लेकिन चीन के डिफेंस ने उसे रोक दिया। हालांकि, तीन मिनट बाद भारत ने अपना खाता खोल दिया। आठवें मिनट में नेहा के शानदार पास पर नवनीत ने गेंद को गोल में पहुंचाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। भारत की बढ़त ज्यादा देर नहीं टिक सकी। शिल्पी दहिया पर सर्कल के अंदर फाउल का आरोप लगा और चीन को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। झांग यिंग ने इस मौके को भुनाते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भारत ने फिर दबाव बनाना शुरू किया। 21वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन टीम उसे गोल में नहीं बदल सकी। इसके चार मिनट बाद दीपिका ने दाईं ओर से शानदार मूव बनाया और भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर दिलाया। दीपिका ने इस बार कोई गलती नहीं की और अपने ड्रैग-फ्लिक से गेंद को गोल के अंदर पहुंचा दिया। दूसरे हाफ में चीन ने अपने खेल की रफ्तार बढ़ा दी।

# प्रदेश में 18 पैक्ड खाद्य उत्पादों के वितरण एवं बिक्री पर लगाया प्रतिबंध, विभिन्न जिलों के 26 खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस भी निलंबित

जयपुर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खीवसर के निर्देशन में प्रदेश में संचालित "शुद्ध आहार–मिलावट पर वार" अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ एवं आयुक्त, खाद्य सुरक्षा डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन तथा अतिरिक्त आयुक्त श्री भगवत सिंह के पर्यवेक्षण में जुलाई एवं अगस्त 2026 के दौरान विभिन्न जिलों में खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में किए गए परीक्षणों की रिपोर्ट में कुछ पैक्ड खाद्य पदार्थ असुरक्षित पाए गए। इसके बाद इन खाद्य पदार्थों के प्रदेशभर में वितरण, बिक्री एवं प्रदर्शन पर आगामी दो माह के लिए राज्यवापी प्रतिबंध का आदेश जारी किया गया है। जांच में असुरक्षित पाए गए प्रतिबंधित पैक्ड खाद्य उत्पादों में डेयरी कृष्णा घी (बैच नं. DK-1225), डेयरी-सरस घी (बैच नं. DS-030426), देहली-डेयरी घी (बैच नं. DD0326), नेचुरल टेस्ट ब्रांड का ग्रीन चिली सॉस, सीटीसी ब्रांड का लाल मिर्च पाउडर एवं धनिया पाउडर (बैच नं. USP), पीयूष ब्रांड का नमकीन ऑल इन वन (बैच नं. 06), भुजियालाल जी ब्रांड का नमकीन खट्टा मीठा (बैच नं. 26 जी 94), सरस गोल्ड घी (बैच नं. 10), रिचा ब्रांड का मिर्च पाउडर (बैच नं. 28), जय श्री कृष्णा ब्रांड का घी (बैच नं. 07), सागर सरस ब्रांड का घी (बैच नं. एचसी-30 एवं 03), धेनु सरस ब्रांड का घी (बैच नं. ए 03), यश प्रताप ब्रांड का हल्दी पाउडर एवं धनिया पाउडर (बैच नं. 01), मां वैष्णो ब्रांड का नमकीन, मुस्कान ब्रांड का सोया सॉस (बैच नं. 007) तथा आर.एस. ब्रांड का हल्दी पाउडर (बैच नं. 01) शामिल हैं। इन सभी पैक्ड खाद्य उत्पादों के प्रदेश में वितरण, बिक्री एवं प्रदर्शन पर दो माह के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। विभिन्न जिलों में लिए गए लूज खाद्य पदार्थों के नमूने असुरक्षित पाए जाने के बाद 26 खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। इनमें जयपुर के मैसर्स बालाजी जायका, मैसर्स द बब्बू कैफे, मैसर्स वाई.बी.एस. कैफे, मैसर्स राजेन्द्र एंटरप्राइजेज तथा मैसर्स जीवा फूड्स शामिल हैं, जहां यूज्ड रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, हल्दी पाउडर एवं मिर्च पाउडर के नमूने असुरक्षित पाए गए। अलवर में जितेन्द्र एंटरप्राइजेज से मिक्स दूध तथा बानसूर में मैसर्स मिल्क कलेक्शन सेंटर से मिक्स मिल्क का नमूना असुरक्षित पाया गया। इसी प्रकार पाली के सुमेरपुर स्थित मैसर्स चामुंडा ट्रेडिंग कंपनी से धनिया पाउडर एवं लाल मिर्च पाउडर, बालोतरा के बायतू स्थित मैसर्स मोहनलाल मिश्रीलाल से लाल मिर्च पाउडर तथा बाड़मेर स्थित न्यू समन होटल से उड़द के लड्डू के नमूने असुरक्षित पाए गए। सहरिया,बलूंबर स्थित मैसर्स एस.डी. डेयरी एंड नमकीन पार्लर से घी का नमूना, जबकि हनुमानगढ़ के मैसर्स प्रेम नमकीन पैलेस एवं मैसर्स ग्वालियर चाट भंडार से गोलगप्पे के पानी के नमूने असुरक्षित पाए गए। इसी तरह अजमेर के तोपदड़ा स्थित मैसर्स देवनारायण दूध डेयरी से पनीर का नमूना असुरक्षित पाया गया।

ब्यावर में मैसर्स कृष्णा एंटरप्राइजेज एवं मैसर्स जी.एल. एंटरप्राइजेज से घी, मैसर्स रुचित महावीर उद्योग से मिर्च पाउडर तथा मैसर्स गुलाबचन्द उत्तमचन्द से हल्दी पाउडर के नमूने असुरक्षित पाए गए। भरतपुर में मैसर्स श्री श्यामजी एंटरप्राइजेज से धनिया पाउडर, मैसर्स पायोड डेयरी से मावा तथा मैसर्स डी.एस. स्वीट्स से पनीर के नमूने असुरक्षित पाए गए। इसी प्रकार धौलपुर जिले में मैसर्स भूतेश्वर पनीर भंडार से मावा तथा मैसर्स निरंजन सिरोलिया डेली एंड नीड्स, मैसर्स बालाजी डेयरी एवं मैसर्स लक्ष्मी मिल्क एंड मावा सप्लायर से पनीर के नमूने असुरक्षित पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग ने आमजन से अपील की है कि खाद्य पदार्थ खरीदते समय गुणवत्ता, ब्रांड, बैच नंबर एवं लेबल की जांच अवश्य करें। किसी भी संदिग्ध खाद्य पदार्थ की सूचना विभाग को दें, ताकि मिलावट एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# शुद्ध आहार–मिलावट पर वार अभियान

## क्या प्रोटीन खाने के बाद पेट और सीने में जलन होती है, Protein को पचाने के लिए क्या करना चाहिए?



अगर आप भी जिम और फिटनेस के शौकीन हैं और प्रोटीन शेक पर निर्भर हैं, तो ये खबर आपके लिए है। बहुत ज्यादा प्रोटीन लेने, भारी प्रोटीन शेक पीने या एक बार में बहुत ज्यादा खाना खाने से सीने में जलन, एसिडिटी या एसिड रिफ्लक्स की समस्या हो सकती है। प्रोटीन को पचाने के लिए पेट को ज्यादा मात्रा में एसिड यानि हाइड्रोक्लोरिक एसिड बनाना पड़ता है, जिससे यह समस्या और बढ़ सकती है। आयुर्वेदिक डॉक्टर चंचल शर्मा प्रोटीन का सेवन शरीर के लिए बहुत जरूरी है, आपके खाने में फाइबर, न्यूट्रिएंट्स और कार्बोहाइड्रेट्स के साथ ही प्रोटीन की भी मात्रा होनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं है, तो आपको अपने खान-पान में बदलाव लाने की जरूरत है।

प्रोटीन हमारे शरीर के लिए एक बेहद जरूरी पोषक तत्व है, जो मांसपेशियों के निर्माण टिशूज की मरम्मत और शरीर के बेहतर कामकाज में अहम भूमिका निभाता है।

हालांकि कई बार शरीर प्रोटीन को ठीक से पचाने में असमर्थ हो जाता है, जिसके कारण सेहत से जुड़ी कई समस्याएं पैदा हो सकती है। अगर आप भी पौष्टिक आहार लेते हैं फिर भी पूरे दिन कमजोरी महसूस करते है, तो इसका मतलब है की आपका प्रोटीन ढंग से नहीं पच रहा है।


कमजोर पाचन तंत्र- पेट में ब्लोटिंग या गैस की समस्या होना, ये एक बहुत बड़ा संकेत है की आपका शरीर प्रोटीन को ढंग से नहीं पचा पा रहा है। यह संकेत होता है कि आपका शरीर प्रोटीन को ठीक से तोड़ नहीं पा रहा प्रोटीन को पचाने में शरीर को पर्याप्त मात्रा में डाइजेस्टिव एंजाइम्स की जरूरत होती है अगर ये एंजाइम्स कम बन रहे हैं तो प्रोटीन ठीक से पच नहीं पाता और पेट में सूजन और असुविधा हो सकती है।

मांसपेशियों में दर्द और कमजोरी- प्रोटीन मांसपेशियों के निर्माण और उनकी मरम्मत के लिए जरूरी है अगर शरीर प्रोटीन को ठीक से नहीं पचा पाता है तो मांसपेशी को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता इसके कारण मांसपेशियों में दर्द कमजोरी और ऐंठन की समस्या देखने को मिल सकती है।

वजन घटना और भूख न लगना- प्रोटीन पाचन की समस्या के कारण शरीर को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता जिसके कारण वजन घटने लगता है प्रोटीन पाचन में दिक्कत होने पर शरीर को पर्याप्त एनर्जी नहीं मिल पाती जिसके कारण भूख कम लगती है और वजन घटने लगता है।

शारीरिक बदलाव- जब शरीर को कम प्रोटीन मिलता है तो नाखून आसानी से टूटने लगते हैं बाल कमजोर होकर झड़ने लगते हैं स्किन भी रूखी हो जाती है।

## शरीर में आयरन की कमी को न करें नजरअंदाज, बढ़ सकता है एनीमिया का खतरा




शरीर में होने वाली हर छोटी परेशानी को हम अक्सर थकान, ज्यादा काम या नींद की कमी से जोड़ देते हैं। खासकर कमजोरी, चक्कर आना या थोड़ी दूर चलने पर सांस फूलना जैसी दिक्कतों को लोग सामान्य मान लेते हैं। लेकिन कई बार इन समस्याओं के पीछे शरीर में किसी जरूरी पोषक तत्व की कमी हो सकती है। आयरन भी ऐसा ही जरूरी पोषक तत्व है, जिसकी कमी धीरे-धीरे शरीर पर असर डाल सकती है। आयरन हमारे शरीर के लिए इसलिए जरूरी है क्योंकि इसकी मदद से हीमोग्लोबिन बनता है। हीमोग्लोबिन खून में मौजूद एक जरूरी हिस्सा है, जो फेफड़ों से ऑक्सीजन लेकर शरीर के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंचाता है। अगर शरीर में आयरन कम हो जाए, तो हीमोग्लोबिन भी कम हो सकता है। आयरन की कमी में व्यक्ति को हर समय थकान महसूस होती है। थोड़ा काम करने के बाद ही कमजोरी लगती है। कई बार सीढ़ियां चढ़ने या तेज चलने पर सांस भी फूलने लगती है। अगर आयरन की कमी लंबे समय तक बनी रहे, तो एनीमिया का कारण बन सकती है। आयरन की कमी किसी भी व्यक्ति को हो सकती है, लेकिन कुछ स्थितियों में इसका जोखिम बढ़ जाता है। बच्चों और किशोरों के शरीर में विकास के दौरान आयरन की जरूरत बढ़ती है। वहीं मासिक धर्म के दौरान ज्यादा रक्तस्राव होने वाली महिलाओं में भी आयरन की कमी का खतरा रहता है। गर्भावस्था के दौरान भी शरीर को ज्यादा आयरन की जरूरत होती है। इसी तरह अगर खाने में आयरन वाली चीजें पर्याप्त मात्रा में शामिल नहीं हैं, तो भी इसकी कमी हो सकती है। कुछ लोगों को पेट या आंत से जुड़ी बीमारी होती है, जिसकी वजह से खाना खाने के बाद आयरन शरीर में ठीक से नहीं पहुंच पाता। ऐसे मामलों में भी आयरन की कमी हो सकती है। बार-बार ब्लड डोनेट करने या किसी ऑपरेशन के दौरान ज्यादा खून निकलने के बाद भी शरीर में आयरन कम हो सकता है। अगर बार-बार आयरन की कमी सामने आ रही है, तो डॉक्टरों से सलाह लेनी जरूरी हैं। आयरन की कमी के लक्षण जानना बेहद जरूरी है। सबसे पहले लगातार थकान और कमजोरी महसूस होती है। आराम करने के बाद भी शरीर में ऊर्जा कम लगती है।

## सुबह कॉफी पीते ही तेज हो जाती है हार्टबीट? इसे हल्के में न लें, जान लें इसके क्या कारण हैं

सुबह की शुरुआत कई लोग गर्मागर्म कॉफी के साथ करते हैं। उठते ही खाली पेट कॉफी पीने से ही उनकी नींद खुलती है और शरीर में चुस्ती महसूस होती है। लेकिन कुछ लोगों को कॉफी पीने के बाद दिल तेज धड़कने, धड़कन बढ़ने या दिल की धड़कन बीच-बीच में रुकने जैसी महसूस हो सकती है। ऐसा होने पर हमेशा घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन अगर बार-बार ऐसा हो तो इसे नजरअंदाज भी नहीं करना चाहिए। कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर समीर गुप्ता से जानते हैं कि कैफीन कैसे प्रभावित करती है। डॉक्टर समीर गुप्ता (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, ग्रुप कैथ लैब निदेशक, मेट्रो अस्पताल) ने बताया कि सीमित मात्रा में कॉफी पीने से कोई नुकसान नहीं है लेकिन कुछ लोग कैफीन के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं। डॉक्टर ने बताया कि कैफीन का सेवन करने से तंत्रिका तंत्र एक्टिव होते हैं और शरीर में कुछ अस्थायी परिवर्तन आने लगते हैं। कैफीन एड्रेनालाईन हार्मोन को अचानक बढ़ाता है, जिससे शरीर फाइट और एक्टिव मोड में आ जाता है। ऐसी स्थिति में कुछ लोगों को हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट बीट तेज होने और अलर्टनेस कुछ देर के लिए बढ़ सकती है। सीमित मात्रा में कैफीन का सेवन हार्ट को नुकसान नहीं पहुंचाता लेकिन ज्यादा कैफीन का सेवन या इसके प्रति बढ़ी हुई संवेदनशीलता दिल से जुड़े लक्षणों का कारण बन सकती है। सुबह-सुबह तेज होने वाली धड़कन का कारण भले ही कॉफी लगे लेकिन इसके दूसरे कारण भी हो सकते हैं जैसे एनर्जी ड्रिंक्स, धूम्रपान, प्री-वर्कआउट सप्लीमेंट्स, पानी की कमी और मानसिक तनाव भी इसे ट्रिगर कर सकते हैं।

## हाई बीपी के मरीजों को नहीं करना चाहिए इस तरह का ब्रेकफास्ट

हाई बीपी को नज़रअंदाज़ करना आपकी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर होने से हार्ट की बीमारियां, स्ट्रोक की संभावना तेजी से बढ़ती है। इसलिए, हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को अपनी डाइट का ख़ास ख्याल रखना चाहिए। साओल हार्ट सेंटर के संस्थापक और एमबीबीएस, एमडी, डॉक्टर बिमल छाजेर ने अपने यूट्यूब वीडियो में बताया है कि हाई बीपी के मरीजों को ब्रेकफास्ट में किन चीजों का सेवन करने से बचना चाहिए, क्योंकि कुछ गलत फूड्स ब्लड प्रेशर को और बढ़ा सकते हैं। साथ ही उन्होंने हेल्दी ऑप्शंस भी बताए हैं जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

हाई सोडियम और प्रोसेस्ड फूड्सः डॉक्टर बिमल छाजेर कहते हैं कि अगर आप ब्लड प्रेशर के मरीज हैं तो हाई सोडियम और प्रोसेस्ड फूड्स का सेवन न करें। जितने भी पैकेज्ड और प्रोसेस्ड फूड्स होते हैं उनमें सोडियम बहुत ज़्यादा होता है। हाई सोडियम ब्लड प्रेशर को तेजी से बढ़ाता है।

कॉफ़ी और चाय का सेवनः अगर आप भी उन लोगों में से हैं जो सुबह सुबह कॉफ़ी और चाय का सेवन करते हैं तो सावधान हो जाएं। ऐसा करना आपके बीपी को बढ़ा सकता है।

## डॉक्टर ने बताया मानसून में आंखों में सूजन या जलन जैसे लक्षणों को क्यों नहीं करना चाहिए नज़रअंदाज़?

बारिश के मौसम में आंखों के संक्रमण और एलर्जी का खतरा बढ़ जाता है। इस दौरान आंखों में लालपन, जलन, सूजन, पानी आना या चिपचिपापन जैसी शिकायतें अक्सर देखने को मिलती हैं। कई लोग इन्हें मामूली समस्या समझकर मेडिकल स्टोर से आई ड्रॉप ले लेते हैं या अपने आप ठीक होने का इंतजार करते हैं। अग्रवाल आई हॉस्पिटल में मोतियाबिंद एवं रिफ्रैक्टिव सर्जन, डॉक्टर भवाथारिणी एम, कहती हैं कि लेकिन हर बार ऐसा करना सुरक्षित नहीं होता। कुछ मामलों में यही शुरुआती लक्षण गंभीर संक्रमण का संकेत भी हो सकते हैं। बारिश में वातावरण में नमी अधिक होती है, जिससे बैक्टीरिया, वायरस और फंगस तेजी से बढ़ते हैं। इसके साथ ही धूल, प्रदूषण और एलर्जी पैदा करने वाले कण भी आंखों को प्रभावित कर सकते हैं। यही कारण है कि इस मौसम में वायरल कंजंक्टिवाइटिस, एलर्जी और कॉर्निया के संक्रमण अधिक देखने को मिलते हैं। कॉन्टैक्ट लेंस का गलत इस्तेमाल संक्रमण का खतरा कई गुना बढ़ा सकता है। गंदे हाथों से लेंस लगाना, निर्धारित समय से अधिक देर तक पहनना, पुराने सॉल्यूशन का दोबारा उपयोग करना या लेंस पहनकर सो जाना कॉर्निया में गंभीर संक्रमण का कारण बन सकता है। यदि लेंस पहनने के बाद दर्द, लालपन या धुंधलापन महसूस हो, तो तुरंत लेंस निकाल दें और नेत्र विशेषज्ञ से जांच कराएं। आंखों को बार-बार हाथ लगाने से बचें और हाथों की साफ-सफाई का ध्यान रखें। तौलिया, रुमाल, आई मेकअप या आई ड्रॉप किसी के साथ साझा न करें। कॉन्टैक्ट लेंस की सफाई करें और समय पर बदलें।

## रात में गुड़ के साथ खाएं ये चीज, साफ रहने लगेगा पेट, मिलेंगे ये फायदे

हेल्थ एक्सपर्ट्स अक्सर सर्दियों में गुड़ का सेवन करने की सलाह देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि गुड़ और सौंफ को एक साथ खाना आपकी सेहत के लिए कितना ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है? अगर आप हर रोज रात में खाना खाने के बाद गुड़ और सौंफ का सेवन एक साथ करते हैं, तो आपकी ओवरऑल हेल्थ को काफी हद तक इम्प्रूव किया जा सकता है। सर्दियों में अक्सर लोगों का पेट ठीक तरीके से साफ नहीं हो पाता है। अगर आप भी इस तरह की समस्या से जूझ रहे हैं, तो आपको डिनर करने के बाद गुड़ और सौंफ का सेवन करना शुरू कर देना चाहिए। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गुड़ और सौंफ में पाए जाने वाले तमाम तत्व आपकी गट हेल्थ को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकते हैं। गैस और एसिडिटी जैसी पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए भी गुड़ और सौंफ को कंज्यूम किया जा सकता है। गुड़ और सौंफ का कॉम्बिनेशन बॉडी को डिटॉक्सिफाई करने में भी मददगार साबित हो सकता है। कुछ लोगों को बैड ब्रेथ की समस्या की वजह से शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। अगर आप मुंह से आने वाली बदबू को दूर करना चाहते हैं, तो रेगुलरली गुड़ और सौंफ को एक साथ खाना शुरू कर दीजिए।

## भुजंगासन : रीढ़, पाचन और फेफड़ों के लिए फायदेमंद कोबरा पोज



दिनभर दफ्तर में घंटों कंप्यूटर पर काम करने से हमारी रीढ़ की हड्डी कमजोर होना एक आम समस्या है। ऐसे में योग हमारे लिए संजीवनी का काम कर रहा है। भुजंगासन योग के उन चुनिंदा आसनों में से एक है जो रीढ़ की हड्डी को सही करने में कारगर है। यह पाचन सुधारने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। भुजंगासन को अंग्रेजी में 'कोबरा पोज' भी कहते हैं। दरअसल, इस आसन को करने के दौरान धड़ का पोज फन फैलाए हुए सांप की तरह होता है, और यही इसकी खास पहचान है। भुजंगासन कोई साधारण योगासन नहीं है; यह पैरों की उंगलियों से लेकर सिर तक शरीर के हर हिस्से पर असर डालता है। यह आसन न सिर्फ शरीर को बल्कि मन को भी शांत और ऊर्जावान बनाता है। भुजंगासन कोई साधारण योगासन नहीं है, यह पैरों की उंगलियों से लेकर सिर तक शरीर के हर हिस्से पर असर डालता है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, भुजंगासन (कोबरा पोज) पेट के बल लेटकर किया जाने वाला एक प्रमुख योगासन है। यह रीढ़ की हड्डी को मजबूत और लचीला बनाता, पाचन में सुधार करता, पीठ दर्द से राहत देता और फेफड़ों की क्षमता बढ़ाकर श्वास संबंधी समस्याओं में फायदेमंद है। यह छाती, कंधों और पेट की मांसपेशियों को फैलाता है, जिससे शरीर में खिंचाव आता है और ताकत बढ़ती है।

# हर रोज पिएं अर्जुन की छाल का पानी, बीपी-शुगर समेत कई समस्याओं का रामबाण इलाज

आयुर्वेद के मुताबिक अर्जुन की छाल का पानी आपकी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकता है। अगर आप हर रोज नियम से अर्जुन की छाल का पानी पीते हैं, तो सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को पैदा होने से रोक सकते हैं। इसके अलावा कुछ गंभीर और जानलेवा बीमारियों से लड़ने के लिए भी पोषक तत्वों से भरपूर अर्जुन की छाल का पानी पीने की सलाह दी जाती है। खराब लाइफस्टाइल और अनहेल्दी डाइट प्लान को फॉलो करने की वजह से दिल की सेहत बुरी तरह से प्रभावित हो सकती है। अगर आप हर रोज अर्जुन की छाल का पानी पीते हैं, तो दिल से जुड़ी बीमारियों के खतरे को कम कर सकते हैं। हाई बीपी पर काबू पाने के लिए अर्जुन की छाल का पानी फायदेमंद साबित हो सकता है। सर्दी और खांसी की समस्या से छुटकारा पाने के लिए भी अर्जुन की छाल के पानी का सेवन किया जा सकता है। क्या आप जानते हैं कि अर्जुन की छाल का पानी डायबिटीज जैसी साइलेंट किलर बीमारी को मैनेज करने में मददगार साबित हो सकता है? इस नेचुरल ड्रिंक में पाए जाने वाले तमाम तत्व ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में कारगर साबित हो सकते हैं। कुल मिलाकर अर्जुन की छाल का पानी पीकर आप अपनी ओवरऑल हेल्थ को भी काफी हद तक सुधार सकते हैं। अर्जुन की छाल का पानी पीकर आप अपनी किडनी की सेहत को भी मजबूत बना सकते हैं। इतना ही नहीं अर्जुन की छाल के पानी को लिवर के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। अगर आपको सांस से जुड़ी कोई बीमारी है, तो आपको हर रोज नियम से अर्जुन की छाल के पानी को पीना चाहिए। आयुर्वेद में अर्जुन की छाल का इस्तेमाल लंबे समय से अलग-अलग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए किया जाता रहा है। इसमें कई जैव सक्रिय यौगिक पाए जाते हैं, जिसके कारण इसे खासतौर पर हृदय स्वास्थ्य से जोड़कर देखा जाता है। हालांकि, अर्जुन की छाल का पानी किसी बीमारी का इलाज है या इसे रोजाना पीने से गंभीर बीमारियों से बचाव निश्चित रूप से हो सकता है, ऐसा दावा वैज्ञानिक रूप से नहीं किया जा सकता। अर्जुन की छाल प्राकृतिक जरूर है, लेकिन प्राकृतिक होने का मतलब हमेशा पूरी तरह सुरक्षित होना नहीं है। यह कुछ दवाओं के साथ इंटरैक्शन कर सकती है और अत्यधिक सेवन से नुकसान भी हो सकता है। गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं, बच्चों और नियमित रूप से दवाएं लेने वाले लोगों को इसके सेवन से पहले चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। लेकिन हाई बीपी, डायबिटीज, हृदय रोग, लिवर या किडनी की बीमारी में इसे डॉक्टर की सलाह और निर्धारित उपचार का विकल्प नहीं बनाना चाहिए।



# असम में तलाक लिए बिना दूसरी शादी की तो खैर नहीं, सैलरी का 20% पहली पत्नी को जाएगा

दिसपुर। असम में कानूनी तौर पर तलाक लिए बगैर दूसरी शादी करने वाले सरकारी कर्मचारियों की अब खैर नहीं होगी। उनकी 20 प्रतिशत सैलरी अब पहली पत्नी के अकाउंट में ट्रांसफर की जाएगी। आज असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने ये ऐलान किया। हिमंता ने कहा कि उनकी सरकार प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले लोगों को भी इस नियम के दायरे में लाने पर विचार कर रही है। असम सरकार ने UCC के जरिए पहले ही एक से ज्यादा शादी पर रोक लगा दी है। अब सैलरी में 20 फीसदी कटौती करने का फैसला लिया है। ये पहली बार नहीं है जब सीएम हिमंता ने सोशल वेलफेयर को ध्यान में रखकर फैसला लिया हो। इससे पहले हिमंता सरकार ने अपने माता पिता को इग्नोर करने वाले कर्मचारियों पर एक्शन लिया था। उनकी सैलरी से 10 से 15 परसेंट डिडक्ट किया था और पेरेंट्स के अकाउंट में भेजा। इसी डर से लोगों ने अपने माता-पिता का ख्याल रखना शुरू कर दिया था। हिमंता सरकार को उम्मीद है कि इस नए फैसले से बहुविवाह के मामलों में कमी आएगी। असम में कुछ लोग एक से ज्यादा शादियां करते हैं। हालांकि समय के साथ इस प्रथा पर लगाम लगी है और अब इसको लेकर कानून भी है तो लोग ऐसा करने से बचने लगे हैं। फिर भी चोरी-छिपे इस तरह की शादियों के मामले कभी-कभी सामने आ जाते हैं। इस तरह के मामले कुछ आदिवासी समुदायों से सामने आते थे, जोकि अब घट गए हैं। हिंदुओं और मुस्लिमों में भी बहुत कम ऐसे मामले रिपोर्ट होते हैं। यह प्रथा गरीबी, कम शिक्षा और सामाजिक कारणों से जुड़ी रही है, और इसका महिलाओं पर अक्सर नकारात्मक असर पड़ता था। नवंबर 2025 में असम विधानसभा ने असम बहुविवाह निषेध विधेयक, 2025 पारित किया। अब ज्यादातर मामलों में एक जीवित पत्नी/पति रहते हुए दूसरी शादी करना अपराध है। इसको लेकर कानून बन गया है इसलिए ऐसा करने वालों के खिलाफ सजा का प्रावधान है। सजा



के डर से भी लोग अब दूसरी शादी करने से बच रहे हैं। गौरतलब है कि असम विधानसभा में भारी हंगामे के बीच UCC बिल पास हुआ था और लिव-इन में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया था।

ये भी खबर थी कि बहुविवाह पर रोक लगेगी। असम में कानूनी तौर पर तलाक लिए बिना दूसरी शादी करने वाले सरकारी कर्मचारियों पर राज्य सरकार सख्त कार्रवाई की तैयारी में है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने ऐलान किया है कि ऐसे कर्मचारियों की 20 फीसदी सैलरी पहली पत्नी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। सरकार इस व्यवस्था को निजी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों तक भी लागू करने की संभावनाओं पर विचार कर रही है। मुख्यमंत्री के अनुसार, यह कदम बहुविवाह पर रोक लगाने और पहली पत्नी के अधिकारों की रक्षा करने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। असम सरकार पहले ही बहुविवाह के खिलाफ कानूनी प्रावधान कर चुकी है। अब वेतन में कटौती का यह प्रस्ताव ऐसे मामलों में आर्थिक जवाबदेही तय करने की दिशा में एक और कदम माना जा रहा है। यह पहली बार नहीं है जब असम सरकार ने पारिवारिक जिम्मेदारियों को लेकर सरकारी कर्मचारियों के वेतन से कटौती का प्रावधान किया है।

## झारखंड से लेकर हिमाचल तक आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली। यूपी-बिहार-झारखंड और ओडिशा समेत देश के कई राज्यों में बारिश का सिलसिला आज भी जारी रहेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने आज भारत के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान लगाया है। इनमें झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। कई अन्य राज्यों में भी आंधी-तूफान और बिजली कड़कने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे पश्चिम बंगाल-उत्तरी ओडिशा तटों पर बने डिप्रेशन के असर से अगले 2 दिनों में गंगा के मैदानी इलाकों वाले पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं पंजाब में भी आज बारिश के आसार नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 18 अगस्त को दिल्ली-NCR में आसमान में बादल छाए रहने और कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना है। दिल्ली के अलावा नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम में भी हल्की बारिश की उम्मीद है। लखनऊ में मंगलवार को बारिश होने की उम्मीद है।

## पुलिस के DCP के घर चोरी करने वाला गिरफ्तार, हीरे की अंगूठी , आईफोन और कैश बरामद

दिल्ली के पॉश इलाके काका नगर में हुई चोरी का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। दिल्ली पुलिस ने चोर को भी गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से चोरी का सामान बरामद कर लिया है। चोरी की घटना 11 अगस्त को हुई थी। दिल्ली पुलिस के डीसीपी सुबह ड्यूटी के लिए घर से निकले थे। वापस लौटने पर उन्हें घर का सामान बिखरा हुआ मिला। जांच करने पर पता चला कि घर से आईफोन, अंगूठी और कैश समेत कई समान की चोरी हुई है। अब पुलिस ने चोरी का पूरा सामान बरामद कर लिया है। बरामद सामान में आईफोन, हीरे की अंगूठी, नकदी, बैंक कार्ड और जरूरी पहचान पत्र शामिल हैं। घटना 11 अगस्त की है। डीसीपी सुबह ड्यूटी के लिए घर से निकले थे। वापस लौटने पर घर का सामान बिखरा मिला, जिसके बाद तुगलक रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। जांच में पता चला कि किचन के पास का एक दरवाजा ठीक से बंद नहीं था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी और स्थानीय स्तर पर जांच के जरिए आरोपी का पता लगाया। मामले में आगे की जांच जारी है। दिल्ली में 28 जुलाई की रात एक दुकान से चोरी करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को दो अगस्त को पकड़ा और उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद किया। आरोपी ने पुरानी दिल्ली के खारी बावली बाजार क्षेत्र की एक दुकान से 7.79 लाख रुपये की चोरी की थी। इस मामले में 40 वर्षीय शख्स को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी के पास से चोरी की गई 2.32 लाख रुपये की नकदी भी बरामद की। उत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजा बांठिया ने बताया कि चोरी की यह वारदात 28 जुलाई की रात को हुई थी। अज्ञात व्यक्ति खारी बावली में एक दुकान की खिड़की तोड़कर कथित तौर पर परिसर में घुसा और तिजौरी से 7.79 लाख रुपये लेकर फरार हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने सबूत मिटाने के लिए दुकान का सीसीटीवी डीवीआर भी चुरा लिया था। डीसीपी ने कहा कि टीमों ने आसपास के क्षेत्र में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की और पता लगाया कि उसने उत्तर प्रदेश के महाराजगंज में अपने एक रिश्तेदार के घर में शरण ले रखी है तथा उसे दो अगस्त को पकड़ा गया था। पुलिस ने कहा कि उसके आवास से 2.32 लाख रुपये नकद बरामद किए गए और उसका सहयोगी फरार है और जल्द ही उसका पता लगा लिया जाएगा। दिल्ली पुलिस ने काका नगर में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के घर हुई चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी किए गए आईफोन, हीरे की अंगूठी, नकदी, बैंक कार्ड और जरूरी पहचान पत्र समेत अन्य सामान बरामद किया है। चोरी की यह वारदात 11 अगस्त को हुई थी। जानकारी के अनुसार, DCP सुबह ड्यूटी के लिए घर से निकले थे। शाम को लौटने पर उन्हें घर का सामान बिखरा मिला।

# नितिन नवीन की नई टीम में UP का दबदबा, 8 नेताओं को जगह; दिल्ली के बाद सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व



भारतीय जनता पार्टी (BJP) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को अपनी नई राष्ट्रीय टीम का ऐलान कर दिया। नई टीम में 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, 8 राष्ट्रीय महासचिव और 16 राष्ट्रीय सचिवों को जिम्मेदारी दी गई है। टीम में वसुंधरा राजे, राम माधव, बैजयंत पांडा, स्मृति ईरानी और विनोद तावड़े जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। नितिन नवीन की टीम को देखें तो दिल्ली के बाद उत्तर प्रदेश का दबदबा साफ दिखाई देता है। आगामी चुनावों के मद्देनजर नितिन नवीन की टीम में उत्तर प्रदेश को ज्यादा तवज्जो दी गई है। दिल्ली के 10 नेताओं और यूपी से 8 नेताओं को जगह दी गई है। इसके अलावा, मध्य प्रदेश से 6, राजस्थान से 4, महाराष्ट्र से 4 और गुजरात से 4 नेताओं को नितिन नबीन की टीम में जगह मिली है। त्रिपुरा के बिप्लब कुमार देब को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है, जबकि नगालैंड से फांगनोन कोन्याक को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी मिली है। असम से मृगांका देव बर्मन को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। दक्षिण भारत से नितिन नबीन की नई BJP राष्ट्रीय टीम में कुल 5 नेता शामिल हैं। आंध्र प्रदेश से डी. पुरंदेश्वरी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), कर्नाटक से प्रो. एम. नागराजा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), केरल से के. सुरेंद्रन और अनिल एंटनी- दोनों राष्ट्रीय सचिव, जबकि तमिलनाडु से डॉ. एम. वेंकटेशन (राष्ट्रीय सचिव) हैं।

## परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए एक्शन तेज, NTA ने 50 से ज्यादा कर्मचारियों को हटाया




नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी NTA ने परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए एक्शन तेज कर दिया है। शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को जानकारी दी है कि एनटीए ने 50 से अधिक कर्मचारियों को हटा दिया है। इसके साथ ही कई प्रमुख पदों पर पेशेवरों की भर्ती करने के लिए प्रक्रिया को भी शुरू कर दिया है। बता दें कि ये खबर ऐसे समय में सामने आई है जब एनटीए ने UGC-NET परीक्षा के 3 विषयों के क्वेश्चन पेपर में कई गलतियां मिलने के बाद दोबारा परीक्षा कराने का आदेश जारी किया है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट में जानकारी दी है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने उच्च शिक्षा विभाग के सचिव, एनटीए के डायरेक्टर और अन्य सीनियर अधिकारियों के साथ बैठक की है। शिक्षा मंत्रालय ने बताया, ''मंत्री को हालिया घटनाक्रम, विशेष रूप से पूरी व्यवस्था में सुधार के संबंध में एनटीए द्वारा अब तक उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी गई है।

उन्हें इस बारे में जानकारी दी गई है कि एनटीए से 50 से अधिक कर्मचारियों को हटा दिया गया है।" शिक्षा मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, चीफ टेक्नॉलॉजी ऑफिसर, चीफ फायनेंशियल ऑफिसर, मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (CISO), जनरल मैनेजर (एग्जाम सिक्योरिटी) और जनरल मैनेजर (R&D और साइकोमेट्रिक्स) समेत 10 नए पेशेवर पोस्ट के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है और इनकी नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, साइबर सिक्योरिटी, साइकोमेट्रिक्स, प्रश्नपत्र तैयार करने और अन्य विशेषज्ञ क्षेत्रों के लिए प्राइवेट सेक्टर से भी सब्जेक्ट स्पेशलिस्ट्स को शामिल किया जा रहा है। बता दें कि इससे पहले NTA ने 4 नए जनरल मैनेजर और 16 यंग प्रोफेशनल्स की नियुक्तियों के लिए विज्ञापन जारी किया था। जानकारी के अनुसार, केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बैठक में अधिकारियों को मौजूदा परीक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने गोपनीय संचालन (कॉनऑप्स) ढांचे, अलग कमरों, एयर-गैप्ड सिस्टम्स और उपकरण जमा करने के प्रोसेस में व्यापक बदलाव को युद्धस्तर पर लागू करने का निर्देश दिया है।

# राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण में SIT की फाइनल रिपोर्ट ट्रस्ट को सौंपी गई, 8 नामजद समेत अन्य के खिलाफ दर्ज है FIR

**अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा चोरी का विवाद काफी गर्माया हुआ है।**



अयोध्या चढ़ावा प्रकरण में उत्तर प्रदेश के गृह विभाग ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को आवश्यक कार्रवाई के साथ विशेष जांच दल (SIT) की फाइनल रिपोर्ट सौंप दी है। यह रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के इस मामले में हस्तक्षेप से पहले बनी एसआईटी ने तैयार कर शासन को सौंपी थी। एसआईटी का गठन गत 13 जून को ट्रस्ट के अनुरोध पर राज्य सरकार ने किया था। लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में बनी इस तीन सदस्यीय एसआईटी में आईजी रेंज किरण एस. तथा विशेष सचिव (वित्त) नील रतन कुमार को सदस्य बनाया गया था। एसआईटी ने 23 जून को शासन को अपना प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपा थी, जिसमें कई कठोर संस्तुतियां की गई थीं। एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर 25 जून को इस मामले में पहली एफआईआर दर्ज की गई, जिसमें 8 नामजद व अन्य अज्ञात को आरोपी बनाया गया था। ट्रस्ट के सदस्य कृष्णमोहन की लिखित शिकायत पर श्रीराम जन्मभूमि थाने में दर्ज की गई इस एफआईआर (अपराध संख्या 90/2026) में अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पाण्डेय, रमाशंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव, श्री राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू को नामजद तथा अन्य अज्ञात व्यक्तियों को अभियुक्त बनाया गया था। आरोपियों के खिलाफ धारा 305, 306, 316(5), 317(4), 317(5), 61, 3(5) बीएनएस व 13(1)(a) पीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस और जांच एजेंसियां लगातार गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ कर रही हैं। वहीं, इसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावे में कथित हेराफेरी की जांच कर रहे विशेष जांच दल (SIT) से कहा कि वह अपनी जांच तेजी से पूरी करे और उसे तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाए। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने एसआईटी को निर्देश दिया कि वह कथित चढ़ावा चोरी मामले की जांच में हुई प्रगति पर अपनी वस्तुस्थिति रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दाखिल करे। सीजेआई की पीठ ने कहा, 'एसआईटी, जिसमें एक फॉरेंसिक ऑडिटर भी शामिल है, सुप्रीम कोर्ट को सीलबंद लिफाफे में वस्तुस्थिति रिपोर्ट सौंपेगी। पहले हम इस रिपोर्ट को देखेंगे और तय करेंगे कि इसे सभी पक्षों को जारी करना है या नहीं।' अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में कथित हेराफेरी के मामले में उत्तर प्रदेश गृह विभाग ने विशेष जांच दल (SIT) की फाइनल रिपोर्ट श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दी है। रिपोर्ट में मामले में आगे आवश्यक कार्रवाई के लिए सिफारिशें की गई हैं। यह जांच सुप्रीम कोर्ट के मामले में हस्तक्षेप से पहले गठित एसआईटी ने की थी। राज्य सरकार ने ट्रस्ट के अनुरोध पर 13 जून को तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। इसकी अध्यक्षता लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने की। आईजी रेंज किरण एस. और विशेष सचिव वित्त नील रतन कुमार को समिति का सदस्य बनाया गया था।

## क्या दिल्ली की राजनीति में जाएंगे देवेंद्र फडणवीस? CM ने अब खुद दे दिया जवाब



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने एक बार फिर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के दिल्ली जाने की अटकलों को हवा दे दी है। चव्हाण ने दावा किया कि देवेंद्र फडणवीस को केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है और वह दिल्ली की राजनीति में जा सकते हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर फडणवीस का प्रमोशन होता है और वह दिल्ली जाते हैं, तो उन्हें मेरी शुभकामनाएं रहेंगी। हालांकि, चव्हाण ने ये भी कहा कि अगर फडणवीस को शिक्षा मंत्री बनाया जाता है तो उनका विरोध होगा, क्योंकि उनके मुताबिक, फडणवीस महाराष्ट्र में असफल रहे हैं। वहीं, अब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इन अटकलों पर खुद जवाब दे दिया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इन तमाम अटकलों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की जनता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें महाराष्ट्र की जिम्मेदारी सौंपी है और वह महाराष्ट्र की जनता की सेवा करते रहेंगे। फडणवीस ने साफ कहा कि वह महाराष्ट्र और मुंबई में ही रहेंगे। फडणवीस ने कहा कि कई लोग पतंगबाजी और अटकलें लगा रहे हैं, उन्हें इसका आनंद लेने दीजिए। मैं महाराष्ट्र और मुंबई में ही रहूंगा। आने वाले प्रोजेक्ट्स के लिए केंद्र सरकार से मदद को लेकर भी प्रधानमंत्री से चर्चा हुई।

# जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े शख्स को UP ATS ने किया गिरफ्तार, चंदा लेकर पाकिस्तान भेजता था रुपये; बनना चाहता था मुजाहिद



लखनऊ। उत्तर प्रदेश ATS ने मोहम्मद जफर नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मोहम्मद जफर आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा हुआ था। ATS के मुताबिक, जफर मदरसों के नाम पर चंदा इकट्ठा करता था और इससे मिलने वाले पैसे पाकिस्तान भेजता था। मोहम्मद जफर पर मसूद अज़हर से जुड़े जैश-ए-मोहम्मद के मटीरियल का इस्तेमाल करके लोगों को जिहाद के लिए उकसाने का भी आरोप है। वह लोगों को मसूद अजहर की भड़काऊ और जेहादी तकरीरें शेयर करता था। मोहम्मद जफर को 16 अगस्त को गिरफ़्तार किया गया था। पूछताछ में उसने बताया कि वह मसूद अजहर से प्रभावित था और वह मुजाहिद बनना चाहता था। जफर के फोन में कई पाकिस्तानी जेहादी व्हाट्सएप ग्रुप भी मिल हैं। फिलहाल उसके खिलाफ BNS और UAPA की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। यूपी एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) ने बताया कि उन्हें सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति मदरसे के नाम पर लोगों से चंदा ले रहा है और उस चंदे के पैसे को पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन को, भारत मे जेहाद करने के उद्देश्य से भेज रहा है। यह भी सूचना मिली कि वह व्यक्ति पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अज़हर से प्रभावित है। वह मसूद अज़हर के बयान साझा करके लोगों को भारत में हिंसात्मक जेहाद के लिए भड़काता है। इसके बाद यूपी एटीएस ने मोहम्मद जफर को गिरफ्तार किया।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415